हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-188, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शनिवार 21 दिसम्बर 2024





मैनपुरी जनपद में 22 दिसंबर को आयोजित पी.सी.एस....02

खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला करने वाले 4 के...06




जोमैटो टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो से बड़ी कंपनी बनी



अडाणी ग्रुप बिहार में 27,900 करोड़ का निवेश करेगा



सेंसेक्स 1176 अंक गिरकर 78,041 पर बंद

## संक्षिप्त समाचार

### सांसदों को संसद जाने से रोकने की घटना पहली बार हुई : कांग्रेस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष ने मुद्दों से ध्यान भटकाने क लिए संसद के भीतर तथा बाहर जो माहौल बनाया और जिस तरह से सदस्यों को सदन में जाने से रोका गया है देश के संसदीय इतिहास में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई है। कांग्रेस के राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवाड़ी तथा लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को यहां पाटी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है और इस पार्टी ने हाल में जिस तरह का रवैया संसद में अपनाया है उससे साफ है कि भाजपा तानाशाह पार्टी है। संसद में पहली बार हुआ है कि संसद सत्र का पहला सत्र सत्ताधारी भाजपा के कारण पहले सप्ताह नहीं चल सका। श्री तिवारी ने कहा कि विपक्ष के सांसदों को सदन में जाने से रोका गया है।

### राहुल के खिलाफ झूठी प्राथमिकी : प्रियंका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मोदी सरकार में हताशा बहुत बढ़ गई है और इसीलिए उनके भाई राहुल गांधी के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज की गई है। श्रीमती वाड्रा ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार बहुत हताश हो चुकी है और इसी का परिणाम है कि श्री गांधी के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज कर ध्यान भटकाना चाहती है लेकिन देश की जनता सबकुछ समझती है। उन्होंने कहा कि राहुल उनका भाई है और वह अच्छी तरह जानती हैं कि वह धक्का मुक्की नहीं कर सकते। उन्होंने कहा यह सरकार की हताशा है। वे इतने हताश हो गए हैं कि राहुल जी पर झूठी प्राथमिकी दर्ज करा रहे हैं। राहुल जी कभी किसी को धक्का नहीं दे सकते हैं, यह बात मैं और पूरा देश जानता है।

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले,

# काशी, मथुरा, संभल तो कभी भोज में मंदिरों को तोड़ा गया, सनातन ही राष्ट्रीय धर्म

● योगी अयोध्या पहुंचे ● हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन किए ● इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अशर्फी भवन पहुंचे ● यहां उन्होंने पंच नारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित की



**अयोध्या, संवाददाता।**

यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां सीएम की हेलीपैड रामकथा पार्क पर उतरा। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन किए। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अशर्फी भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशर्फी भवन के पास मंडप में आयोजित पंच नारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि श्रीहरि की कृपा से यह सृष्टि संचालित है। अयोध्या धाम त्रेतायुग की अवधारणा को जिंदा कर रहा है। विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित रखना होगा। सीएम ने कहा कि विरासत को विस्मृत कर हम भौतिक विकास को नहीं बनाए रख सकते। विरासत और भौतिक विकास का समन्वय होना चाहिए। भारत की परंपरा इष्ट देवों, धर्म स्थलों, मान बिंदुओं से है। इन मूल्यों को याद कर आगे बढ़ेंगे तो भारत बना रहेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित रखना होगा। सनातन धर्म सुरक्षित है तो सब सुरक्षित हैं। कोई मत, मजहब नहीं है। इसमें सबके कल्याण की बात की गई हो। सनातन धर्म में वसुदेव कुटुंबकम की बात कही गई है। दुनिया के हर जाति, मत, मजहब, संप्रदाय के लोगों को विपत्ति के समय सनातन धर्म ने शरण दिया। लेकिन, आज दुनिया में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है? बांग्लादेश में क्या हो रहा है? हम सभी देख रहे हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान में पहले क्या हुआ? सीएम ने कहा कि कभी काशी विश्वनाथ तो कभी राम जन्मभूमि, मथुरा, संभल, हरिहर भूमि तो कभी भोज में मंदिरों को नष्ट किया जाता है, तोड़ा जाता है, अपवित्र किया जाता है। जिन्होंने अपवित्र किया मंदिरों को उनके कुल वंश नष्ट हुए। दुनिया के अंदर विश्व शांति की स्थापना करना है तो सनातन धर्म ही कर सकता है। भारत के अंदर सनातन धर्म ही राष्ट्रीय धर्म है। इसकी रक्षा संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। योगी ने कहा कि अशर्फी भवन सैकड़ों वर्षों से अपनी परंपरा के लिए जाना जाता है। मंदिर आंदोलन को यज्ञ मानकर धार्मिक पीठों ने सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। पांच फरवरी 2020 को पीएम मोदी के हाथों राम मंदिर की आधारशिला रखी गई, जबकि 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। कौन ऐसा रहा होगा जिसकी आंखों में श्रद्धा के आंसू ना आए रहे हों। सीएम ने कहा कि काशी, अयोध्या में त्रेता युग की स्मृतियां जीवंत हो रही है। रामलला का आगमन हो गया है। यहां से निकलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू अतिथि गृह पहुंचे हैं। यहां समीक्षा बैठक कर रहे हैं। सीएम महाकुंभ और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ महोत्सव के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करके चर्चा कर रहे हैं। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खाद्य रसद मंत्री सतीश शर्मा, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और खेलकूद मंत्री गिरीश यादव मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने लगभग डेढ़ घंटे तक अयोध्या के विकास और मिल्कीपुर उपचुनाव के साथ महाकुंभ और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर की समीक्षा बैठक की। भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कैबिनेट और राज्य मंत्रियों के साथ मंडल और जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। इसके बाद सरयू अतिथि भवन में बैठक के बाद निकल गए हैं। वह रामकथा पार्क हेलीपैड से लखनऊ रवाना हो गए।

## परभणी हिंसा-बीड के सरपंच की हत्या मामले की न्यायिक जांच की जाएगी : फडणवीस




**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि परभणी हिंसा और बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि बीड में अराजकता फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों को राजनीतिक जुड़ाव की परवाह किए बिना दंडित किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) पहले ही मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख की हत्या के मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तीन से छह महीने की समयसीमा के साथ एक न्यायिक जांच भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बीड के पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की ओर से चूक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के मामले में भी न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। परभणी में संविधान की प्रतिकृति के अपमान के मामले पर हिंसा होने के बाद सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। दस दिसंबर की शाम को परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति पर लगा कांच तोड़े जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था, जिसने हिंसक रूप ले लिया था। फडणवीस ने कहा कि परभणी हिंसा की न्यायिक जांच कराकर सभी संदेह दूर किए जाएंगे। आंबेडकर किसी जाति तक सीमित नहीं हैं। वह सभी के हैं।

## जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 जिंदा जले, ट्रक की टक्कर से आग लगी

200 फीट ऊंची लपटें उठीं, बचने का मौका नहीं मिला



**जयपुर, एजेंसी।**

जयपुर में शुक्रवार सुबह एक भीषण एक्सीडेंट से डेढ़ किलोमीटर का इलाका थर्रा उठा। जयपुर-अजमेर हाईवे पर एक ट्रक से टकराने के बाद एलपीजी से भरे टैंकर से 18 टन गैस ने आग पकड़ ली और इतनी जोर से धमाका हुआ कि 200 मीटर का एरिया आग का गोला बन गया। इसमें 11 लोग जिंदा जल गए, जबकि 33 लोग बुरी तरह झुलस गए। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। टैंकर से उठी आग ने आसपास की करीब 40 गाड़ियों को चपेट में ले लिया, जिसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है। इस बस में 34 लोग सवार थे। बस एलपीजी टैंकर से बिल्कुल पीछे चल रही थी। हादसा इतना भीषण था कि दोपहर तक फायर ब्रिगेड गाड़ियों और आसपास के इलाकों में लगी आग बुझाती रही। आग से हुए धमाके का असर एक से डेढ़ किमी तक महसूस किया गया। आग की लपटें 200 फीट ऊपर तक उठीं। जानकारी के अनुसार भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस का टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वह वापस अजमेर की ओर यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान जयपुर से आ रहा ट्रक टैंकर से भिड़ गया। गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम(फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के कारण टैंकर में लगे 5 नोजल टूट कर गिर गए और लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर पूरे इलाके में फैल गई। टक्कर लगते ही स्पार्क हुआ था, इससे गैस ने आग पकड़ ली और पूरे इलाके में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। इन गाड़ियों में बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। गाड़ियां रुकने के कारण हाईवे बंद हो गया। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई।

### मृतक के परिजनों को पांच पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी राज्य सरकार

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य सरकार जयपुर में हुए एलपीजी टैंकर हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है।

## रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**हैदराबाद, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत की रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी मजबूत होगी तथा रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी। सुश्री मुर्मु ने सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा खतरों का सक्रियता से जवाब देते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके सामूहिक प्रयास और व्यक्तिगत उत्कृष्टता 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। हमारे सशस्त्र बलों के कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ-साथ बदलती परिचालन गतिशीलता के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में सीडीएम जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, युद्ध के मैदानों से परे भी युद्ध लड़े जाते हैं। आज हम मनोवैज्ञानिक युद्ध देख रहे हैं। अधिकारियों से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा , इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

## हरियाणा-हिमाचल में पारा 0 डिग्री के करीब

राजस्थान के 5 शहरों में तापमान 4 डिग्री के नीचे, बर्फ जमी, दिल्ली में टेम्परेचर 5 डिग्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश के उत्तरी राज्यों में तापमान में गिरावट जारी है। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के कुछ शहरों में तापमान 0 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा मैदानी इलाकों में हरियाणा का हिसार सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 0.8 डिग्री तक दर्ज किया गया। वहीं, हिमाचल के भुंतर में तापमान शून्य डिग्री के करीब पहुंच गया। मध्य भारत के राज्यों, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी सर्दी कम नहीं हो रही है। राजस्थान के करौली में तापमान 1.3 डिग्री पहुंच गया। सीकर, झुंझुनूं समेत कई जगहों पर पत्तों में जमी बर्फ देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटे में राजस्थान के 5 शहरों में रात का पारा 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। माउंट आबू में 2.0 डिग्री, फतेहपुर 2.2 डिग्री, संगरिया 3.3 डिग्री, चूरू 3.5 डिग्री और करौली में 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के 12 शहरों का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से नीचे रहा। सबसे कम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में भी तापमान 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां आज तापमान में और गिरावट हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में पारा माइनस से नीचे चल रहा है। कई जगहों पर नदियां और झरने जमने लगे हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के ज्यादातर इलाके बर्फ से ढके हैं। कारगिल में तापमान -13.5 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया।

वहीं, लेह में -11.2 डिग्री सेलसियस तापमान दर्ज किया गया। आंध्र में बारिश का अलर्ट देश के उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में भी ठंडी का असर देखने को मिल रहा है। वहीं, आंध्र में बारिश का अलर्ट जारी किया गया। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में सर्दी का असर कम है। यहां फिलहाल कोहरा देखने को मिल रहा है। मध्यप्रदेश में अगले 3-4 दिन तक रात का टेम्प्रेचर 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा।

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन

**चंडीगढ़, एजेंसी।**



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री इंडियन नेशनल लोकदल नेता ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। श्री चौटाला 89 वर्ष के थे। वह पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवी लाल के पुत्र थे और उनके परिवार में दो पुत्र अभय सिंह चौटाला और अजय सिंह चौटाला और तीन पुत्रियाँ हैं। उनकी पत्नी का पाँच वर्ष पहले निधन हो गया था। सिरसा जिले के एक गाँव में जन्मे श्री चौटाला ने स्कूल की पढ़ाई अधूरी छोड़ राजनीति में प्रवेश किया था। उन्होंने कई वर्ष बाद जेल में 2022 में दसवीं और बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की। वह 1989 में पहली बार संक्षिप्त अवधि के लिये हरियाणा के मुख्यमंत्री बने जब देवी लाल केंद्र की वीपी सिंह सरकार में उप प्रधानमंत्री बने थे। श्री चौटाला पाँच बार मुख्यमंत्री बने और आखिरी बार 1999 से 2005 के बीच मुख्यमंत्री रहे। अपने अंतिम मुख्यमंत्री कार्यकाल में जूनियर बेसिक शिक्षक भर्ती घोटाले में उन्हें और उनके पुत्र अजय चौटाला को 2013 में 10 साल की सजा सुनाई गयी। जेल से उन्हें 2021 में छोड़ा गया, जब कोविड-19 के दौरान कैदियों को रिहा किया गया था। इसके अलावा मई 2022 में बेहिसाबी संपत्ति के एक 16 साल पुराने मामले में दो साल की सजा सुनाई गयी और इस तरह वह 87 साल की उम्र में दिल्ली की तिहाड़ जेल के सबसे बड़ी उम्र के कैदी बने।

## मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़, महिलाएं-बुजुर्ग चोटिल

एक लाख लोग पहुंचे थे, बाउंसर्स रोककर एंट्री कराने लगे तो भीड़ बेकाबू हुई





**मेरठ, एजेंसी।**

मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। दोपहर 1 बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे। बाउंसर्स ने भीड़ अचानक बढ़ने पर लोगों को रोक-रोक कर एंट्री करानी शुरू कर दी फिर भगदड़ मच गई। चोटिल महिलाओं और बुजुर्गों का घटनास्थल पर बने हेल्थ कैंप में इलाज किया जा रहा है। शताब्दी नगर में चल रही इस कथा का आज छठा और कल आखिरी दिन है। रोज करीब डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। कई वीवीआईपी भी कथा में शामिल हो चुके हैं। कथा में जिस रास्ते से भीड़ आ रही थी, उसी रास्ते से मुख्य यजमान भी जा रहे थे। तभी एंट्री को लेकर झगड़ा हो गया। एंट्री गेट पर बाउंसर्स ने महिलाओं को अंदर जाने से रोक दिया। पीछे से भीड़ आगे बढ़ने के लिए धक्का देती रही। इसी बीच 15-20 महिलाएं एक-एक कर गिर गईं। बताया जा रहा है कि कथा के दौरान शुक्रवार को 2 बार भगदड़ मची। सबसे पहले सुबह 9.30 बजे भगदड़ मची थी। इस दौरान लोग वीआईपी पास के लिए जुटे थे, लेकिन यह शांत हो गई।

## संसद का शीतकालीन सत्र खत्म, कुल 20 बैठकें, 105 घंटे कार्यवाही चली

अडाणी-मणिपुर-अंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ

### लोकसभा स्पीकर बोले- गेट पर प्रदर्शन न करें

लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसद गेट पर प्रदर्शन करना सही नहीं है। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार (20 दिसंबर) को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 54 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्र की शुरुआत अडाणी मुद्दे पर हंगामे से हुई। फिर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर और किसानों का मुद्दा भी उठाया। सत्र खत्म होते-होते अंबेडकर मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ।

### बीजेपी की फासीवादी विचारधारा सामने आई

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी की ये फासीवादी विचारधारा कल सामने आ गई। जिस तरह से उन्होंने बहुत बेशर्मी से अंबेडकर जी का अपमान किया है। विरोध के बाद ये लोग भड़क गए और संसद के गेट पर लाठी पर बैनर और पोस्टर लेकर खड़े हो गए। सैकड़ों लोग वहां खड़े थे। धक्का-मुक्की में हमारे बुजुर्ग मल्लिकार्जुन खड़गे भी गिर पड़े।

# मैनपुरी जनपद में 22 दिसंबर को आयोजित पी.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा हुई शांतिपूर्ण संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**



मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ दि. 22 दिसंबर को 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. पी.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुचिता के साथ संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आज कु. आर.सी. कन्या महाविद्यालय ब्लॉक-ए, ब्लॉक-बी, रामचन्द्र सिंह लालचन्द्र कन्या इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज आदि परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर परीक्षा को संपन्न कराए जाने हेतु की गई तैयारियों का जायजा लेते हुए मौके पर उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि उ.प्र. सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 बेहद संवेदनशील है, सभी केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा सम्पन्न होने तक बेहद सावधानी बरतें, आयोग के निर्देशों को भली-भांति बार-बार पढ़ लें, कक्ष निरीक्षकों को उनके दायित्वों, कर्तव्यों के बारे में बतायें, प्रश्न पत्र के बंडल सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में खोले जाएं, प्रश्न पत्र खोलने, परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. शीट पैकिंग की निरंतर वीडियोग्राफी करायी जाए। अंजनी कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि सीटिंग प्लान आज सायं तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाये, परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल रहें, सी.सी.टी.वी. कैमरे निरतंर चालू दशा में रहें, प्रत्येक कक्ष का प्रत्येक परीक्षार्थी सी.सी.टी.वी. कैमरे की जद में रहें, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर क्लॉक रूम की व्यवस्था रहे, यदि कोई परीक्षार्थी मोबाइल, अन्य इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर आये तो उसे क्लॉक रूम में जमा कराया जाये, किसी भी कक्ष निरीक्षक, स्टॉफ के पास मोबाइल, प्रतिबन्धित सामग्री उपलब्ध न रहे। उन्होने निरीक्षण के दौरान पाया कि कु. आर. सी. महिला पी.जी. कॉलेज ब्लॉक-ए, ब्लॉक-बी, राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 480-480, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 384 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, उक्त सभी विद्यालयो में पर्याप्त मात्रा में कक्ष, फर्नीचर उपलब्ध पाया, सी.सी.टी.वी. कैमरे चालू दशा में पाये गये। उन्होने कहा कि परीक्षा को सम्पन्न कराने में लगे प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी को इसकी सुचिता बनाये रखनी होगी, केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि कक्ष निरीक्षकों को अपने स्तर से अवगत करायें कि परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात ओ.एम.आर. शीट जमा होने के बाद ही परीक्षार्थियों को कक्ष से बाहर जाने दें, प्रत्येक पाली में कक्ष निरीक्षक बेहद संवेदनशील रहकर ओ.एम.आर. शीट एकत्र करें, अभ्यर्थी को नीले रंग की प्रति उपलब्ध कराई जाए, हरे कलर की प्रति कोषागार हेतु एवं गुलाबी रंग की मूल प्रति आयोग को भेजी जानी है, ओ.एम.आर. शीट एकत्र करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होने कहा कि प्रथम पाली की परीक्षा 09.30 बजे से एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 02.30 बजे से प्रारंभ होगी, परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से 01 घंटा पूर्व अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, अनिल सक्सैना आदि उपस्थित रहे।


## गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से भैंस की दबकर मौत

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

पाली/हरदोई। थाना क्षेत्र के भाहपुर गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक गन्ने से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रॉली सड़क किनारे बंधी एक भैंस पर गिर गई, जिससे भैंस की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार में थी और ओवरलोड होने के कारण संतुलन बिगड़ गया। ट्रॉली सड़क के किनारे बंधी भैंस पर पलट गई। हादसे के बाद गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराते हुए चालक को हिरासत में लिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में लिया। ग्रामीणों ने ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार ट्रैक्टरों के चलते हो रही घटनाओं पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि प्रशासन को ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड के बाद डायल 112 वाहनों का किया निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**



हरदोई। पुलिस अधीक्षक हरदोई नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली। सलामी ग्रहण करने के उपरांत श्री जादौन ने पुलिस बल की दौड़ कराई। उसके बाद टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद डायल 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निदशित किया। इसके अतिरिक्त समस्त थानों पर भी शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए एसपी श्री जादौन ने समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। इसके बाद क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, पुलिस लाइन भवन, अस्पताल व लाइन में स्थित मेस में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा व मेस की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु मेस प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी डायल 112 व पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहें।

## गैंगरेप के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**



हरदोई। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने गैंगरेप के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा के मुताबिक बीती 16 नवम्बर को एक नाबालिग ने कोतवाली शहर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि अजमत इलाही पुत्र अज्ञात द्वारा उसके साथ गलत कार्य किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। विवेचना कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित गैंगरेप की धाराओं की बढ़ोत्तरी की। शुक्रवार को प्रकाश में आए अरशूल पुत्र इकबाल अहमद निवासी रफी अहमद चौराहा सुन्दरदाई थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा, निरीक्षक मारकण्डेय सिंह, हेड कांस्टेबल सचिन गुप्ता, हरिशंकर, कांस्टेबल अंशुमान सैनी व प्रशांत सोनकर आदि शामिल रहे।

## 21 दिसंबर को जमुई आएंगे जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती

➢ पहली बार करेंगे जिले का भ्रमण कार्यकर्ताओं में उत्साह



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता कन्हैया कुमार**

पटना। जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती 21 दिसंबर को जमुई दौरे पर रहेंगे। प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद यह उनका पहला जमुई आगमन है। दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्वागत की तैयारी में जुट गए हैं। जिलाध्यक्ष धर्मदेव यादव ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि मनोज भारती 21 दिसंबर को जमुई स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय में दोपहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम में नामित पदाधिकारी के साथ कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और जरूरी संवाद करेंगे। श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा वहीं संगठन को भी नई ताकत मिलेगी। तय कार्यक्रम पार्टी के आगामी अभियान की रणनीति तैयार करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में कारगर साबित होगा। उधर मनोज भारती के दौरे को लेकर समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका यह दौरा आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जन सुराज के जिलाध्यक्ष धर्मदेव यादव , जिला महासचिव जमादार सिंह , अनिल प्रसाद साह , गोपाल पंडित , अशोक सिन्हा आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। इधर प्रदेश अध्यक्ष के इस दौरे को लेकर स्थानीय स्तर पर भी चर्चा का माहौल गर्म है। माना जा रहा है कि मनोज भारती के आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं , स्थानीय नागरिकों आदि के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

# पीसीएस प्री परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण : जिलाधिकारी

➲ परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया: मंगला प्रसाद सिंह




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि 22 दिसम्बर को होने वाली पीसीएस परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। कुल 5664 परीक्षार्थी 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र व ओएमआर शीट प्राप्त हो गए हैं जिनको कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। सभी केंद्रों के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है जो कड़ी सुरक्षा में प्रश्न पत्र व ओएमआर शीट परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाएंगे। प्रत्येक केन्द्र पर एक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी है जिनको स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कक्ष निरीक्षक के रूप में साफ सुथरी छवि रखने वाले निष्ठावान लोगों की ही तैनाती की जाये। प्रत्येक केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में एक अधिकारी को तैनात किया गया है जो परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु लगातार निगरानी करेंगे। चाक चौबंद सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। होटल व लॉन मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षार्थियों से ठहरने के लिए वाजिब किराया ही लिया जाये। ई रिक्शा व अन्य सार्वजनिक वाहनों के चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षार्थियों से वाजिब किराया ही वसूल करें। अनावश्यक लाभ लेने का प्रयास न करें। ऐसे जरुरत मंद परीक्षार्थी जो अन्यत्र रात्रि में ठहरने की व्यवस्था न कर सकें, उनके लिए श्री राम जानकी मंदिर के पास रुकने की व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को केन्द्र के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा 9:30 से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2:30 4:30 बजे तक होगी। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व केन्द्र पर अवश्य पहुँच जाएं। केन्द्र के मुख्य द्वार के पास क्लॉक रूम बनाया गया है जहाँ पर परीक्षार्थी अपना बैग आदि जमा कर सकेंगे। परीक्षा से सम्बंधित किसी जानकारी या शिकायत के लिए कंट्रोल रूम नम्बर 05852-299155, 299156 व 299157 पर कॉल किया जा सकता है। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी विरा व अपर जिलाधिकारी न्यायिक के सीयूजी नंबरों पर भी कॉल की जा सकती है।

## प्रधानमंत्री आवास 31 दिसम्बर तक पूर्ण करायें: सुधाकान्त मिश्रा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

हरदोई। परियोजना अधिकारी डूडा सुधाकान्त मिश्रा ने बताया है कि शाहाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त निर्माण कार्य न करा रहे लाभार्थियों के आवासों का निरीक्षण सुधा कान्त मिश्रा, परियोजना अधिकारी, डूडा पियूष मिश्रा, सी.एल.टी.सी., डूडा-हरदोई एवं समस्त पी.एम.सी. स्टाफ द्वारा किया गया। मौके पर निर्माण कार्य न करा रहे लाभार्थियों को निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु कठोर निर्देश दिये गये एवं अवगत कराया गया कि दिनांक 31.12.2024 तक कार्य पूर्ण न कराने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## महामहिम राज्यपाल का प्रस्तावित 24 दिसम्बर को जनपद में आगमन कार्यक्रम के संबंध में जिलाधिकारी ने तैयारियों का किया निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस एवं 28 वां जनपद रत्न अलंकरण समारोह हेतु प्रस्तावित महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को जनपद में आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय एवं नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने महामहीम राज्यपाल के कार्यक्रमों के तैयारी के संबंध में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अपनी-अपनी तैयारी समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम कम्पाउन्ड स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट की सुरक्षा मानकों को परखा एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों को भी देखा जो सुचारू रूप से संचालित पाए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडे सहित विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# कल्याण विभाग द्वारा 460 छात्र -छात्रों के बीच की गई साईकिल वितरण




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

झरिया/ धनबाद। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा शुक्रवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के बीआरसी भवन मे झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली विभिन्न सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्म मे बतौर मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह उपस्थित हुई जहा उन्होंने छात्र छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। झरिया विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में उर्दू युएमएस स्कूल शिमला बहाल, मध्य विद्यालय चासनाला पारबाद रोड़ाबाद, डिगवाडीह नं 10 नंबर, डीएवी मध्य विद्यालय झरिया,शिशु मंदिर डुमरी आदि सरकारी स्कूलों के 460 छात्र छात्राओं के बीच विधायक श्रीमती सिंह ने लाभार्थी छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया । झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बताया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की हमेशा यही सोच रही है कि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाइयां न हो उसके लिए सभी प्रयासरत है, बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। बच्चों को स्कूल जाने मे कठिनाइयां ना हो इस लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण किया जा रहा है। इस के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद देती है। वही इसी क्रम में झारखंड सरकार समग्र शिक्षा अभियान के तहत झरिया विधायक श्रीमती सिंह ने झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भालगढ़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर ने स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया।

## गणतंत्र समूह ने अमित शाह का पुतला फूंका

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**




झरिया/ धनबाद। गणतंत्र समूह,, के द्वारा भारत के गरिमामय पद पर बैठे गृहमंत्री अमीत शाह,, के द्वारा बोद्धिसत्व बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ ब्यान से दुनिया भर के बहुजनो के विरोध मुहीम में आज संत गाडगे निर्वाण दिवस पर विकास भवन से पैदल प्रतिकार मार्च कर अम्बेडकर चौक पर अमीत शाह का पुतला दहन कर लोक सभा में आरक्षित सीट से कुल 131 सांसदों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया ! अम्बेडकर चौक पर सभा को सम्बोधित करते हुए प्रेम बच्चन ने कहा -- बाबा साहेब अम्बेडकर पर टिप्पणी कर यह कहने का प्रयास कि अम्बेडकर अम्बेडकर से अच्छा होता ईश्वर का नाम लेते तब स्वर्ग में सात जनम तक रास्ता बन जाता यह बात को बाबा साहेब ने 1956 में ही भारतीय बहुजनो के दिमांग से निकाल दिया ! जीते जी भारत में बहुजनो को घोड़ी चढ़ने पर घोड़ी सहित मारे जाते हो वैसे स्थिति में यह बात बहुजन आचरण को आघात करता है,, अमीत शाह जैसे तड़ी पार, व्यक्ति कुर्सी पर बैठा है तब यह देंन बाबा साहेब की है, ऐसे में उनके प्रति इस तरह की बात कहना सर्वथा अनुचित है, राष्ट्रपति से माँग करती है गृह मंत्री को बर्खास्त करे, दुनिया के बहुजन एक हो के नारे लगाते 131 आरक्षण पर जीत कर आये सांसदों का विरोध किया अभियान में गणतंत्र समूह के प्रेम बच्चन, हरेराम पंडित, कैलाश रजक, शिवदत्त कुमार, राजा राम भुईंया, देवीलाल, जंग बहादुर, सुनील भुइयां, चंदन कुमार, राजेंद्र धिकार, जीतेन्द्र बौद्ध, संजय भुइयां, शिवबलि रविदास, मथुरा रजक, मुकेश कुमार, चंदन पासवान, रीना पासवान, नवल पासवान, आदि उपस्थित थे !

## आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की मासिक बैठक सम्पन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की मासिक बैठक स्थान राम चरन लाल धर्मशाला खिरनी वाग में सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने करते हुए दिव्यांगजन एवं वृद्ध जन को बताया की भारत सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण देने हेतु राष्ट्रीय वयो श्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को बाकर व्हीलचेयर कान की मशीन चश्मा छड़ी सीट सहित व्हीलचेयर कमोड सिलिकॉन फोम तकिया नी ब्रेस स्पाइनल सपोर्ट सर्वाइकल कॉलर आदि उपकरणों हेतु सैकड़ो दिव्यांगजन एवं वृद्ध जन बैठक में उपस्थित हुए सभी का पंजीकरण कराया गया आज लगभग 200 पंजीकरण किए गए विभिन्न प्रकार के उपकरणों के लिए अगला पंजीकरण 25 दिसंबर को किया जाएगा। समिति के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा कि समान अवसर प्रदान करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम. 2016 बना तो है। परन्तु यह पूर्णतया लागू भी होना चाहिए इसके लागू होने से राज्य सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को समानता के अवसर प्रदान किए जा सकेंगे साथ ही उपयुक्त वातावरण प्रदान कर दिव्यांग व्यक्तियों की क्षमता का उपयोग किया जा सकेगा। दिव्यांग व्यक्ति के साथ दिव्यागता के आधार पर भेदभाव नहीं होगा। एवं उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को उचित आवास उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, बैठक में मुख्य रूप से मून शर्मा नन्नी देवी तौलेराम रामदेव रेखा देवी चंद्रसेन मोरपाल सुनील ओम चंद्र रामदयाल किरण राम बेटी उषा देवी पृथ्वीराज सहित सैकड़ो दिव्यांगजन एवं वृद्ध जन्म मौजूद रहे।

## श्री श्याम मंदिर में राम राम के जयकारों से गूंजी झरिया नगरी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



धनबाद। श्री श्याम बाल मंडल झरिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आज सुबह 10:00 बजे से हनुमान जी महाराज का सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्री श्याम बाल मंडल द्वारा हर वर्ष झरिया नगरी मै सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाता है। सुबह दस बजे पंडित कैलाश पांडे जी ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथा वाचक महेंद्र स्वामी जी ( जयपुर) ने सुंदर कांड पाठ का वचन किया। पाठ मै 301 भक्त लोग शामिल हुए। सुंदर कांड पाठ के दौरान हनुमान जी महाराज को छप्पन भोग,सवामनी ओर साथ ही साथ 108 किलो का लड्डू का भी भोग लगाया गया। इसके साथ ही साथ संध्या 06: बजे से भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें मेरठ के आयुष कंसल व धनबाद के पिंटू शर्मा,पंकज मोदी,पंकज सांवरिया,संजू जी,बुलबुल केजरीवाल के भजनों मै श्याम भक्त मग्न हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने मै श्री श्याम बाल मंडल के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी पीड़ा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता कन्हैया कुमार**

पटना। अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर पीड़ित लोगों की गंभीरता से व्यथा सुनी। उन्होंने मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया साथ ही कुछ प्रकरणों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जिले के दूर-दराज से आए लोग जनता दरबार में अपनी बात रखकर संतुष्ट दिखे। एडीएम ने जनता दरबार में भूमि विवाद , अतिक्रमण , दाखिल खारिज , रैयति भूमि का निबंधन , अनुग्रह अनुदान , खतियान , दखल-कब्ज़ा , जमीन की नापी , प्रधानमंत्री आवास योजना , विकलांग पेंशन , चयन प्रक्रिया , जमाबंदी , सेवान्त लाभ , सामाजिक सुरक्षा से लाभ , अनुज्ञप्ति रद्द , अनुकम्पा नियुक्ति , राशि-गबन , रास्ता अवरुद्ध , मार-पीट , बासगीत पर्चा , पक्की नली गली , आंगनवाड़ी , गैर मजरूआ विवाद समेत अन्य मामले उपस्थापित किए गए। उन्होंने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही। एडीएम ने इस अवसर पर कहा कि जनता की पीड़ा को दूर करना जिला प्रशासन का मुख्य मकसद है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी भानू प्रकाश समेत कई विभागीय पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# पीसीएस परीक्षार्थियों से ओवर रेंटिंग करने पर होगी कड़ी कार्रवाईर : डीएम

➲ परीक्षा हेतु सभी प्रबन्ध पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश: डीएम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**




शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 22 दिसंबर को 16 केंद्रों पर आयोजित होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 (पीसीएस) परीक्षा की तैयारियों के संबध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। जनपद में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 6816 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली का समय प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली का समय अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी जनपद में 21 दिसंबर को ही आना प्रारंभ हो जाएंगे उनके रहने साहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करली जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रेस्टोरेंट, होटल, धर्मशाला आदि स्थानों पर खाने-पीने एवं रहने की दरें चस्पा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट, होटल, धर्मशाला के स्वामियों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक ओवर रेटिंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन सहित अन्य आवश्यक स्थान पर रैन बसेरा आलाव आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। रेन बसेरो में पर्याप्त रजाई गद्दे उपलब्ध रहे। रेलवे एवं बस स्टेशनों पर किराया सूची लगाई जाए जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने में निर्धारित किराया से अधिक न देना पड़े। उन्होंने कहा कि आलाव परीक्षाकेन्द्रों के अंदर एवं बाहर सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर जलते रहे। लड़की एवं लड़कों के रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की जाए इस जानकारी हेतु बैनर एवं फ्लेक्सी जगह लगवाई जाए। सभी व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए अधिकारियों की रात्रि में ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि 22 दिसंबर को प्रात: 6:00 बजे से ही ई-बसों का संचालन प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। परीक्षार्थियों हेतु प्रथम पाली में परीक्षा केंद्रों में प्रात: 8 बजे से 8:45 बजे तक और द्वितीय पाली हेतु अपराह्न 1:00 से 1:45 के मध्य ही प्रवेश अनुमन्य होगा। इसके उपरांत किसी भी दशा में परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों का प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थियों द्वारा ओ.एम.आर. पर केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का ही इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य कलर की कोई अन्य पेन वर्जित है। परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी अपने साथ प्रश्न पुस्तिका और ओएमआर की तीसरी नीली प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की अवधि में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर या कोई अन्य डिवाइस पूर्णतया निषिद्ध है। परीक्षा के दौरान किसी अभ्यर्थी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पाए जाने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थियों से जब तक न कहा जाए, तब तक वह परीक्षा- कक्ष से बाहर नहीं जाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, सीएमओ डॉ. आरके गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## पिघली अवरोध की बर्फ

यह हकीकत है कि चीन भौगोलिक रूप से हमारा पड़ोसी है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। ऐसे में जरूरी है कि तमाम विसंगतियों के बावजूद अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के साथ पड़ोसी से रिश्ते बेहतर बनाए जाएं। लंबी खटास व तनातनी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में हुई हालिया बैठक के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। बीजिंग में डोभाल व वांग तथा दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक निश्चित रूप से कूटनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति कही जा सकती है। खासकर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद पांच वर्षों में यह पहली बातचीत, दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व सतर्क बदलाव को ही दर्शाती है। दरअसल, इस चर्चा का केंद्र लद्दाख पर अक्तूबर 2024 के समझौते का कार्यान्वयन था। यह सुखद ही है कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर शांति बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी। निश्चय ही यह कदम भविष्य में संघर्षों को रोकने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सीमा व्यापार बढ़ाने, सीमा पार नदियों का डेटा साझा करने तथा कैलाश मानसरोवर की यात्रा को फिर से शुरू करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहन करने के उद्देश्य से छह सत्री सहमति पर भी जोर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की सहमति से सारी चुनौतियां एकदम खत्म हो चुकी हैं। निर्विवाद रूप से सीमा विवाद एक संवेदनशील व जटिल मुद्दा बना है। जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आपसी विश्वास में व्याप्त कमी को दूर किया जाए। निश्चित रूप से व्यावहारिक कूटनीति के साथ विश्वास निर्माण के उपायों को कदम दर कदम बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इन प्रतिबद्धताओं को अमलीजामा पहनाने के लिये सतर्कता के साथ और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। बहरहाल, खट्टे-मीठे रिश्तों और लंबी कटुताओं के बावजूद इस बैठक के निहितार्थों को व्यापक संदर्भों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निर्विवाद रूप से चीन आज दूसरी बड़ी वैश्विक शक्ति है। भारत ने भी आर्थिक व अन्य क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसके बावजूद दोनों ही देश वैश्विक शक्ति की बदलती गतिशीलता से जूझ रहे हैं। खासकर अमेरिका में होने जा रहे राजनीतिक परिवर्तन से उबरने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर। ऐसे में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को दोनों देशों की एकजुटता प्रभावित करने की क्षमता रखती है। खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय प्लेटफॉर्मों में सहयोगात्मक पहल से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। निस्संदेह, दोनों देशों की सीमा पर शांति की पहल एक शुरुआत मात्र है। इसके उपरांत दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क, व्यापार बाधाओं व असंतुलन को दूर करना वक्त की जरूरत है। हमें सांस्कृतिक सहयोग के जरिये दोनों देशों के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का लाभ उठाना चाहिए। विश्वास कायम करने और संघर्ष की छाया दूर करने के लिये ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। निस्संदेह, रिश्तों को सामान्य बनाने का रास्ता लंबा है, लेकिन सार्थक संवाद से अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आशा लगातार बनी रहती है। भारत और चीन के लिये शांति सिर्फ एक आदर्श मात्र नहीं बल्कि एक अपरिहार्य आवश्यकता है। निस्संदेह, भारत और चीन के बीच हुई यह तेईसवीं मुलाकात नई उम्मीद जगाती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लिए गए फैसले के अनुरूप ही हुई है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली और सीमा विवाद का उचित समाधान तलाशने पर सहमति बनी थी। उम्मीद की जानी चाहिये कि संक्रमण के दौर से गुजर रहे वैश्विक परिदृश्य में भारत व चीन एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यह स्थिति दोनों देशों के हित में ही कही जाएगी।

## संसद के लिए काला दिवस

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी से संसद से लेकर सड़क तक बवाल मचा हुआ है। इस पर खेद जताना तो दूर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष पर ही आरोप लगा रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को राज्यसभा में शाह ने यह कहकर कांग्रेस और विपक्ष पर अशालीन टिप्पणी की थी कि आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन हो गया है। अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर! इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। नाराज विपक्ष ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में इस मामले को पुरजोर तरीके से उठाया और शाह से न केवल माफी बल्कि इस्तीफे की भी मांग की थी। पूरे देश में इसे लेकर उनके प्रति नाराजगी देखी गई परन्तु धृष्टता का परिचय देते हुए शाह ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगले 15 वर्षों तक मल्लिकार्जुन खरगे उसी जगह पर बैठेंगे जहां अभी हैं। यानी विपक्ष में रहेंगे। खरगे का उन्होंने इसलिये उल्लेख किया क्योंकि उन्होंने शाह से माफी की मांग की थी। भाजपा की हठधर्मिता एवं अहंकार का मिला-जुला रूप गुरुवार को देखने को मिला जब विपक्षी सदस्य नीले कपड़े पहनकर और हाथों में बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीरें लिये हुए मकर द्वार से संसद के भीतर जा रहे थे। अनेक भाजपा सदस्यों ने उनका रास्ता रोक लिया। इस धक्का-मुक्की में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नीचे गिर गये जिन्हें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस सासंद वर्षा गायकवाड़ आदि ने सम्हालने की कोशिश की। इसे लेकर खरगे ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। अभी तीन दिन पहले ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निर्देश दिये थे कि किसी भी सदस्य को कोई भी संसद प्रवेश करने से नहीं रोकेगा। गुरुवार को विपक्षी सांसदों को रोकने की कोशिश जिन सदस्यों ने की, वे भाजपायी थे। गुरुवार का वाकया बतलाता है कि भाजपा के सांसद उनके कितने कहने में हैं। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेसियों द्वारा की गयी धक्का-मुक्की से भाजपा के दो सांसद घायल हो गये हैं। इनमें से एक प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया जो उन पर आकर गिरा। इसके कारण उनके सर पर चोट आई है। ऐसे ही, मुकेश राजपूत भी घायल हुए हैं। बताया गया है कि उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जख्मी सांसदों का हाल-चाल जाना। वैसे राहुल ने कहा कि खरगे को धक्का दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि भाजपा के सांसद उन्हें भी धमका रहे थे और प्रियंका को भी रोकने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को बचाया। अब भाजपायी सांसद राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर दबाव डालना चाहते हैं। उनके विरूद्ध भी भाजपा विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। इस मामले को लेकर सदन के भीतर भी जमकर विवाद हुआ। जहां एक ओर विपक्ष शाह के माफी व इस्तीफे की मांग पर अड़ा रहा वहीं भाजपा प्रतिपक्ष पर ही झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाती रही। इसके कारण जमकर हुए हंगामे के बाद सदनों की कार्यवाही चलनी मुश्किल हो गयी। दोनों सदनों को शुक्रवार तक के लिये स्थगित कर दिया गया। इस सारे मामले को सम्भवतरू मोदी, ओम बिड़ला एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। इसलिये उन तीनों की ओर से कोई गम्भीर पहल नहीं की गयी कि उभय पक्षों को बिठाकर सुलह करायी जाये। बाद में अवश्य बिड़ला ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से परम्पराओं के पालन एवं संयम बरतने की अपील की। वहीं मोदी ने तो एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस मुद्दे को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। उन्होंने शाह का वीडियो यह कहकर पोस्ट किया कि इसे अवश्य देखा जाना चाहिये। इस तरह वे आग में घी डालने का काम कर रहे हैं।

# जुबान नहीं फिसली है, असल बात जुबान पर आ गई है



आलेख - सिद्धार्थ रामू

मैंने लिखा था, वे गांधी-नेहरू के बाद अंतिम हमला आंबेडकर पर ही बोलेंगे, आखिर अमित शाह ने आंबेडकर पर हमला बोल ही दिया। भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने के मार्ग में तीन व्यक्तित्व हिंदू राष्ट्रवादियों के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं हैं - गांधी, नेहरू और आंबेडकर। गांधी यदि हिंदू राष्ट्रवादियों के हृदय में कांटे की तरह चुभें हुए हैं, तो नेहरू खंजर हैं, लेकिन आंबेडकर हिंदू राष्ट्रवादियों के सीने में इस पार से उस पार तक तलवार की तरह उतरे हुए हैं। अभी फिलहाल हिंदू राष्ट्र की परियोजना को साकार करने में लगे संगठन, संस्थाएं और व्यक्ति आंबेडकर पर सीधा हमला करने से बच रहे थे, लेकिन उन्हें हिंदू राष्ट्र के अपने स्वप्न को पूरी तरह साकार करने लिए, आंबेडकर को अपने मार्ग से हटाना ही पड़ेगा, जो हिंदुत्व का प्रतिपक्ष और संविधान का पर्याय बनकर चीन की दीवार की तरह हिंदू राष्ट्र के मार्ग में खड़े हैं। इस सच से हिंदू राष्ट्रवादी बखूबी परिचित हैं। आखिर अमित शाह ने आज आंबेडकर पर हमला बोलकर इसकी शुरूआत कर ही दी। गांधी-नेहरू हिंदू राष्ट्र की परियोजना के लिए अलग-अलग मात्रा और अलग-अलग रूपों में चुनौती तो हैं, लेकिन जिस व्यक्ति ने हिंदू राष्ट्र की बुनियादी पर सबसे प्राणघातक हमला बोला है, उसकी रीढ़ को निशाना बनाया और जिस हिंदू धर्म पर हिंदू राष्ट्र की अवधारणा आधारित है, उसे नेस्तनाबूद करने के लिए पूरा जीवन खपा दिया, उस व्यक्ति का नाम डॉ. आंबेडकर है। वे ब्राह्मण धर्म, सनातन धर्म और हिंदू धर्म को एक दूसरे के पर्याय के रूप में देखते थे। नेहरू यह समझने में पूरी तरह असफल रहे कि हिंदू धर्म का मूल तत्व वर्ण-व्यवस्था है, गांधी यह समझते थे कि लेकिन जीवन के अंत तक वर्ण-व्यवस्था के हिमायती बने रहे। गांधी-नेहरू दोनों यह नहीं समझ पाए कि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सामाजिक व्यवस्था है, जिसका मूल उद्देश्य सवर्ण हिंदू मर्दों (द्विज मर्दों) के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक वर्चस्व को पिछड़े-दलितों और महिलाओं पर कायम रखना है। जिस व्यक्ति ने यह समझा, उस व्यक्ति का नाम आंबेडकर है। यह सच है कि हिन्दू राष्ट्रवाद का महत्वपूर्ण तत्व मुसलमानों और ईसाईयों के प्रति घृणा है। परन्तु यह घृणा, हिन्दू राष्ट्रवाद की विचारधारा की केवल ऊपरी सतह है। सच यह है कि हिंदू राष्ट्र जितना मुसलमानों या अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए खतरा है, उससे अधिक वह हिंदू धर्म का हिस्सा कही जानी वाली महिलाओं, अति पिछड़ों और दलितों के लिए भी खतरनाक है, जिन्हें हिंदू धर्म दोयम दर्जे का ठहराता है। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए आंबेडकर ने लिखा है कि ''हिन्दू धर्म एक ऐसी राजनैतिक विचारधारा है, जो पूर्णतः लोकतंत्र-विरोधी है और जिसका चरित्र फासीवाद और/या नाजी विचारधारा जैसा ही है। अगर हिन्दू धर्म को खुली छूट मिल जाए - और हिन्दुओं के बहुसंख्यक होने का यही अर्थ है - तो वह उन लोगों को आगे बढ़ने ही नहीं देगा, जो हिन्दू नहीं हैं या हिन्दू धर्म के विरोधी हैं। यह केवल मुसलमानों का दृष्टिकोण नहीं है। यह दलित वर्गों और गैर-ब्राह्मणों का दृष्टिकोण भी है (सोर्स मटियरल ऑन डॉ. आंबेडकर, खण्ड 1, पृष्ठ 241, महाराष्ट्र शासन प्रकाशन)। गांधी-नेहरू या किसी अन्य ने खुले शब्दों में हिंदुओं और हिंदू धर्म के प्रति घृणा नहीं प्रकट किया है। आंबेडकर हिंदुओं और हिंदू धर्म के प्रति खुलेआम घृणा प्रकट करते हैं और इस घृणा का कारण बताते हुए लिखते हैं मैं हिंदुओं और हिंदू धर्म से इसलिए घृणा करता हूं, उसे तिरस्कृत करता हूं क्योंकि मैं आश्वस्त हूं कि वह गलत आदर्शों को पोषित करता है और गलत सामाजिक जीवन जीता है। मेरा हिंदुओं और हिंदू धर्म से मतभेद उनके सामाजिक आचार में केवल कमियों को लेकर नहीं हैं। झगड़ा ज्यादातर सिद्धांतों को लेकर, आदर्शों को लेकर है। (भीमराव आंबेडकर, जातिभेद का विनाश पृ. 112)। डॉ.आंबेडकर साफ शब्दों में कहते हैं कि हिन्दू धर्म के प्रति उनकी घृणा का सबसे बड़ा कारण जाति है, उनका मानना था कि हिन्दू धर्म का प्राण-तत्व जाति है और इन हिन्दुओं ने अपने इस जाति के जहर को सिखों, मुसलमानों और क्रिश्चियनों में भी फैला दिया है। वे लिखते हैं कि ''इसमें कोई सन्देह नहीं कि जाति आधारभूत रूप से हिन्दुओं का प्राण है। लेकिन हिन्दुओं ने सारा वातावरण गन्दा कर दिया है और सिख, मुस्लिम और क्रिश्चियन सभी इससे पीड़ित हैं।'' स्पष्ट है कि भारतीय उपहाद्वीप में मुसलमानों और ईसाईयों के बीच जाति की उपस्थिति के लिए वे हिंदू धर्म को जिम्मेदार मानते हैं। वे हिंदू धर्म का पालन करने वाले हिंदुओं को मानसिक तौर पर बीमार कहते थे। %जाति का विनाश' किताब का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ''मैं हिन्दुओं को यह अहसास कराना चाहता हूं कि वे भारत के बीमार लोग हैं, और उनकी बीमारी अन्य भारतीयों के स्वास्थ्य और खुशी के लिए खतरा है।'' आंबेडकर हिंदुओं को आदिम कबिलाई मानसिकता के बर्बर लोगों की श्रेणी में रखते हैं। ''हिन्दुओं की पूरी की पूरी आचार-नीति जंगली कबीलों की नीति की भांति संकुचित एवं दूषित है, जिसमें सही या गलत, अच्छा या बुरा, बस अपने जाति बन्धु को ही मान्यता है। इनमें सद्गुणों का पक्ष लेने तथा दुर्गुणों के तिरस्कार की कोई परवाह न होकर, जाति का पक्ष लेने या उसकी अपेक्षा का प्रश्न सर्वोपरि रहता है। डॉ. आंबेडकर को हिन्दू धर्म में अच्छाई नाम की कोई चीज नहीं दिखती थी, क्योंकि इसमें मनुष्यता या मानवता के लिए कोई जगह नहीं है। अपनी किताब 'जाति का विनाश' में उन्होंने दो टूक लिखा है कि 'हिन्दू जिसे धर्म कहते हैं, वह कुछ और नहीं, आदर्शों और प्रतिबन्धों की भीड़ है। हिन्दू-धर्म वेदों व स्मृतियों, यज्ञ-कर्म, सामाजिक शिष्टाचार, राजनीतिक व्यवहार तथा शुद्धता के नियमों जैसे अनेक विषयों की खिचड़ी संग्रह मात्र है। हिन्दुओं का धर्म बस आदेशों और निषेधों की संहिता के रूप में ही मिलता है, और वास्तविक धर्म, जिसमें आध्यात्मिक सिद्धान्तों का विवेचन हो, जो वास्तव में सार्वजनीन और विश्व के सभी समुदायों के लिए हर काम में उपयोगी हो, हिन्दुओं में पाया ही नहीं जाता और यदि कुछ थोड़े से सिद्धान्त पाये भी जाते हैं, तो हिन्दुओं के जीवन में उनकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं पायी जाती। हिन्दुओं का धर्म ''आदेशों और निषेधों का ही धर्म है। वे हिन्दुओं की पूरी व्यवस्था को ही घृणा के योग्य मानते हैं। उन्होंने लिखा कि - ''इस प्रकार यह पूरी व्यवस्था ही अत्यन्त घृणास्पद है, हिन्दुओं का पुरोहित वर्ग (ब्राह्मण) एक ऐसा परजीवी कीड़ा है, जिसे विधाता ने जनता का मानसिक और चारित्रिक शोषण करने के लिए पैदा किया है ब्राह्मणवाद के जहर ने हिन्दू-समाज को बर्बाद किया है। (जाति का विनाश)। हिंदू राष्ट्र से आंबेडकर इस कदर घृणा करते थे कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र के निर्माण को किसी भी कीमत पर रोकने की बात की। इस संदर्भ में उन्होंने लिखा, अगर हिन्दू राज हकीकत बनता है, तब वह इस मुल्क के लिए सबसे बड़ा अभिशाप होगा। हिन्दू कुछ भी कहें, हिन्दू धर्म स्वतन्त्रता, समता और बन्धुता के लिए खतरा है। इन पैमानों पर वह लोकतन्त्र के साथ मेल नहीं खाता है। हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए। (पाकिस्तान ऑर पार्टीशन ऑफ इण्डिया, पृ.338) हिंदू धर्म की यह समझ डॉ. आंबेडकर को गांधी-नेहरू से गुणात्मक तौर पर भिन्न बना देती है और हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए आंबेडकर को सबसे अधिक खतरनाक। आंबेडकर वर्ण-जाति व्यवस्था के पोषक हिंदू धर्मग्रंथों को डायनामाइट से उड़ाने की तक की बात करते हैं। उन्होंने 'हिंदू धर्म की पहेलियां' और 'प्राचीन भारत में क्रांति और प्रतिक्रांति' और 'जाति का विनाश' जैसी किताबें लिखकर हिंदू धर्म दर्शन, विचारधारा, ईश्वरों, देवी-देवताओं, हिंदू धर्म की किताबों, आदर्शों-मूल्यों, जीवन-पद्धति और जीवन-दृष्टि की धज्जियां उड़ा दी हैं। वेदों से लेकर आधुनिक युग तक हिंदू धर्म के पक्ष में दिए गए तर्कों और हिंदू धर्म के पैरोकारों के हर तर्क का उन्होंने ठोस और सटीक जवाब दिया है, %जाति का विनाश% किताब इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। एक शब्द में कहें तो भारत के अब तक इतिहास में सनातन धर्म और ब्राह्मण धर्म के पर्याय हिंदू धर्म या ब्राह्मणवाद पर इतना मर्मांतक और निर्णायक हमला किसी ने नहीं बोला है, जितना आंबेडकर ने बोला है। हिंदू धर्म पर दार्शनिक-वैचारिक हमले के साथ आंबेडकर ने संविधान के रूप में हिंदू राष्ट्र के मार्ग में एक पहाड़ खड़ा कर दिया है, इस पहाड़ को रास्ते से हटाए बिना हिंदू राष्ट्र स्थायी और मुकम्मल शक्ल नहीं ले सकता है और मंजिल तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि संविधान हर वयस्क नागरिक को वोट का अधिकार देता है। पांच साल में चुनाव और सरकार बदलने का भी उन्हें अधिकार देता है। जनता इस अधिकार का इस्तेमाल करके हिंदू राष्ट्र के पैरोकारों को सत्ता से हटा सकती है। संसद में ऐसी सरकार को बहुमत दे सकती है, जो हिंदू राष्ट्र के खिलाफ हो। इसका खतरा हमेशा हिंदुत्ववादियों के सामने मंडराता रहेगा। हालांकि इस संविधान के साथ लगातार हिंदू राष्ट्रवादी छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसकी मूल भावना को रौंद रहे हैं, उसकी मनमानी व्याख्या कर रहे हैं, उसका हिंदू राष्ट्रवाद की परियोजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं और अब तो उसे बदलने की खुलेआम बातें भी करने लगे हैं। फिर भी संविधान उनके मार्ग में बड़ा रोड़ा बना हुआ है। हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए संविधान को पूरी तरह बदलना इसलिए भी जोखिम भरा काम है, क्योंकि दलितों-पिछड़े और आदिवासियों का एक बड़ा हिस्सा संविधान और आंबेडकर को एक दूसरे के पर्याय के रूप में देखता है। संविधान से छेड़-छाड़ या संविधान बदलने की बात उसे आंबेडकर के विचारों-सपनों से छेड़-छाड़ लगती है। फिर भी हिंदू धर्म के लिए इतने खतरनाक और हिंदू राष्ट्र के मार्ग में सबसे बड़े अवरोध आंबेडकर पर हमला बोले बिना भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के स्वप्न को हिंदू राष्ट्रवादी साकार नहीं कर सकते। वे आंबेडकर पर हमला बोलेंगे, लेकिन गांधी और नेहरू को पूरी तरह निपटाने के बाद। वे अंतिम हमला आंबेडकर पर ही बोलेंगे। प्रश्न यह है कि हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी बाधा आंबेडकर और उनकी वैचारिकी पर हमला करने से हिंदुत्ववादी क्यों बच रहे हैं और गांधी, नेहरू पर आक्रामक तरीके से हमलावार क्यों हैं? इसका पहला कारण यह है कि देश में गांधी-नेहरू के समर्थक ( वोटर) बहुत कम संख्या में बचे हैं। जो अपरकॉस्ट गांधी और नेहरू का मजबूत समर्थक और पैरोकार था, उसका बहुलांश हिस्सा हिंदुत्वादियों के साथ पूरी तरह खड़ा हो गया है। यह अपरकॉस्ट आजादी के दौरान गांधी और आजादी के बाद नेहरू को अपना सबसे बड़ा नेता, हितैषी और पैरोकार मानता था। इन दोनों ने इनके हितों की भरपूर पूर्ति भी किया। अब अपरकॉस्ट को अपना सबसे बड़ा हितैषी हिंदुत्वादी लग रहे हैं और वह उनके साथ वह पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ा है। अपरकॉस्ट के कुछ मुट्ठीभर लोगों के बीच, विशेषकर सचेतन बुद्धिजीवियों के बीच अब गांधी-नेहरू की कद्र रह गई है, जो संख्या में बहुत कम हैं। गांधी-नेहरू कभी भी बहुजनों ( दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) के सहज-स्वाभाविक नायक नहीं रहे हैं, भले ही विभिन्न वजहों से बहुजन उनके साथ खड़े हुए हों और नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को वोट भी देते रहे हों। आज भी पिछड़े-दलितों और आदिवासियों के सहज स्वाभाविक नायक जोतीराव फुले, शाहू जी,पेरियार, जगदेव प्रसाद, रामस्वरूप वर्मा, ललई सिंह यादव, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी और राष्ट्रव्यापी नायक के रूप में आंबेडकर हैं। आंबेडकर कभी भी द्विज पुरूषों के चहेते नहीं रहे हैं,न आज हैं, न भविष्य में कभी हो सकते हैं। चूंकि गांधी-नेहरू के कभी अनुयायी रहा अपरकॉस्ट उनका साथ छोड़ चुका और पूरी तरह हिंदुत्वादियों के साथ खड़ा हो गया है, ऐसे में उन पर आक्रामक हमला करना हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए आसान हैं। लेकिन आंबेडकर को जो समूह अपना नायक मानता है आज भी उन्हें उतने ही पुरजोर तरीके से उन्हें अपना नायक मानता है, भले ही आंबेडकर का जोर रूप उसे पसंद हो। यह बात बहुजनों, उनमें विशेष तौर दलितों के बारे में पूरी तरह लागू होती है। यदि आज की तारीख में हिंदू राष्ट्रवादी आंबेडकर पर गांधी और नेहरू की तरह आक्रामक और निर्णायक हमला बोल दें, तो बहुजनों का एक बड़ा हिस्सा उनके खिलाफ खड़ा हो जाएगा। यहां तक कि सड़कों पर भी उतर सकता है। ऐसी स्थिति में हिंदू राष्ट्रवादी आंबेडकर पर निर्णायक हमले के लिए उचित समय का इंतजार कर रहे हैं। यह उचित समय उनके लिए तब होगा, जब वह बहुजनों के एक बड़े हिस्से का हिंदुत्वीकरण ( कम से कम राजनीतिक तौर पर) करने में सफल हो जाएं। जिसमें उन्हें आंशिक सफलता भी मिली है। वे पहले बड़े पैमाने पर पिछड़ों का हिंदुत्वीकरण करेंगे और कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे पिछड़ों को दलितों से अलग करने की कोशिश करेंगे। जिसमें उन्हें एक हद तक सफलता भी मिलती दिख रही है। इस प्रक्रिया में वे बहुजन अवधारणा को तोड़ेंगे। पिछड़ों से दलितों को अलग-थलग करने के बाद वे दलितों को भी अपने साथ खड़ा करने की कोशिश करेंगे। यदि इसमें सफलता नहीं मिली तो, अपरकॉस्ट और पिछड़ों का गठजोड़ बनाकर वे आंबेडकर यानी दलित वैचारिकी पर निर्णायक हमला बोलेंगे। पिछड़ों को अपरकास्ट के साथ जोड़ने का प्रयोग कल्याण सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ था। जिसे नरेंद्र मोदी ( तथाकथित पिछड़े) के नेतृत्व में एक अलग मुकाम तक पहुंचाया जा चुका है। अंतिम तौर पर आंबेडकर पर हमला बोलने की हिंदू राष्ट्रवादियों की दो रणनीति दिख रही है। पहली नरेंद्र मोदी जैसा या जैसे दलित नेताओं को अपने साथ करके दलितों को हिंदुत्व की राजनीति के लिए पूरी तरह अपने साथ कर लेना और साथ में आंबेडकर का नाम भी लेते रहना। यह भी आंबेडकर पर हमला ही होगा, लेकिन पीठ पीछे से। जिसके कुछ रूप उत्तर प्रदेश बिहार और अन्य जगहों पर दिखाई दे रहे हैं। यदि इसमें सफलता नहीं मिली तो वे अपरकॉस्ट और पिछड़ों का गठजोड़ का इस्तेमाल आंबेडकर पर निर्णायक हमला के लिए करेंगे। क्योंकि पिछड़े यदि दलितों से अलग हो जाते हैं, तो दलित वोटर एक अल्पसंख्यक वोटर बनकर रह जाएगा। दलितों के सहज-स्वाभाविक राजनीतिक दोस्त मुसमलानों को हिंदू राष्ट्रवादी पहले ही राजनीतिक प्रक्रिया से बाहर करने के तरीके निकाल चुके हैं या निकाल रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे आंबेडकर पर निर्णायक हमला बोलेंगे। लेकिन यह उनका अंतिम विकल्प होगा। जिसका वे सबसे अंत में ही इस्तेमाल करेंगे। इसका क्या परिणाम होगा यह भविष्य के गर्भ में है। (सिद्धार्थ रामू स्वतंत्र पत्रकार हैं।)




**मेष:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे़गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे़गी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे़गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।


**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढे़गी।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे ।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# थैले में फिलीस्तीन की आजादी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

**पिछले दिनों कितना बड़ा गुज्जर सम्मेलन हो लिया। उसमें हिंदू-मुसलमान दोनों शामिल हुए। राज परिवार की यही सबसे बड़ी चिंता है। अब तक एक बिरादरी के मुसलमानों को उसी बिरादरी के हिंदुओं से डराकर, सुरक्षा के नाम पर एक अलग तबेले में रखा जाता था। वह राज परिवार का सुरक्षित वोट बैंक था। लेकिन अब वही वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। घबराहट में किसी ने सुझाया, जल्दी फिलीस्तीन की आजादी वाले थैले तैयार करवाओ और उसे प्रियंका गांधी के कंधे पर लटका कर घुमाओ। लेकिन कांग्रेस की बात नहीं बनी**




गांधी-नेहरू परिवार लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय है। लेकिन यह शायद पहली बार है कि लगभग सारा परिवार संसद में उपस्थित है। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं, उनका बेटा राहुल गांधी और उनकी बेटी प्रियंका गांधी लोकसभा की सदस्य हैं। मोती लाल नेहरु से राजनीति शुरू करने वाला यह परिवार सोनिया गांधी तक पहुंचते-पहुंचते देश की राजनीति में तो बना हुआ है, लेकिन भारतीय संस्कृति, उसके इतिहास व समाजशास्त्र से बुरी तरह कट चुका है। इसमें परिवार की इस पीढ़ी का दोष नहीं है। सोनिया गांधी से इस प्रकार की आशा भी नहीं करनी चाहिए। जहां तक उनके बेटे और बेटी का प्रश्न है, वे छोटी उम्र में ही पिता के साये से मरहूम हो गए थे। इसलिए उन पर माता का ही प्रभाव पड़ सकता था। यह प्रभाव पड़ा भी। यही कारण है कि राहुल गांधी जलेबियों की फैक्टरियां लगवा कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने लगे। जहां तक प्रियंका गांधी का प्रश्न है, उसको शायद किसी ने बता दिया होगा कि आजकल देश में प्रमुख मुद्दा फिलीस्तीन की आजादी का है। यदि कांग्रेस फिलीस्तीन की आजादी के पक्ष में खड़ी हो जाती है, तो भारत के लोग कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो सकते हैं। यानी भारत में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रास्ता फिलीस्तीन की आजादी में से होकर गुजरता है। लेकिन असली मसला तो यह था कि कांग्रेस या भारत की फिलीस्तीन को आजादी दिलवाने में क्या भूमिका हो सकती है? आजादी प्राप्त करने का तरीका क्या है? सोनिया गांधी परिवार के लिए गणित के इस कठिन प्रश्न का उत्तर पा लेना जरूरी था। अब इस कठिन प्रश्न का उत्तर कांग्रेस के लिहाज से एक ही हो सकता था कि प्रियंका गांधी अपने कन्धे पर 'फिलीस्तीन की आजादी' लिखा बैग लेकर संसद में जाए तो फिलीस्तीन आजाद हो सकता है। फिलीस्तीनी आजादी से प्रसन्न होकर भारत में कांग्रेस की सत्ता वापसी हो सकती है। दूसरे दिन किसी ने बता दिया कि 'फिलीस्तीन की आजादी' भारत का इश्यू नहीं है। यहां तो सत्ता वापसी का रास्ता 'बांग्लादेश' के हिंदू का मसला उठाने से बन सकता है। तब दूसरे दिन प्रियंका गांधी अपने पर्स पर बांग्लादेश लिखवा लाईं। लेकिन चिंता तो है ही। समय निकलता जा रहा है और सत्ता वापस आने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे। खुदा का शुक्र है कि सोनिया जी के दोनों बच्चे अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं। पुराने 'ब्रिटिश मास्टर' की किताबों में दिन-रात खपते हैं। आखिर यूरोप के लोग दो सौ साल हिंदुस्तान पर राज कैसे कर गए? इस मामले में सोनिया गांधी भी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे। तभी से पूरा 'राज परिवार' भारत में हर हालत में जाति के आधार पर जनगणना करवाने को लेकर छटपटा रहा है। प्रतीक्षा करनी चाहिए, अब प्रियंका गांधी 'जाति गणना करवाएं' वाला बैग लेकर संसद में कब आती हैं। सत्ता वापसी का एक दूसरा रास्ता भी दिखाई दे रहा है। ईवीएम को लेकर प्रतिदिन मातमी धुनें बजाई जाएं। इससे देश के भविष्य का प्रश्न जोड़ा जाए। इसलिए हर रोज कायदे से ईवीएम के तबले पर घंटों रियाज किया जाता है। लेकिन राज परिवार की इन हरकतों से आसपास के राजनीतिक पड़ोसी भी घबराहट में हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो इस बेमानी शोर शराबे से तंग आकर कह ही दिया कि लगता है आप लोगों से यह हो नहीं पाएगा। ईवीएम का रोना धोना बंद करो, सत्ता प्राप्ति का कोई दूसरा रास्ता तलाशो। लेकिन राज परिवार का यही तो संकट है। सत्ता तक पहुंच पाने का दूसरा रास्ता कहां है, सोनिया-राहुल-प्रियंका ने उस रास्ते की तलाश में मल्लिकार्जुन खडग़े साहिब को आगे कर दिया। वह हाथ में डंडा लेकर अंधेरे में टटोलते हुए एक-एक कदम आगे चलते हैं और राज परिवार उनके पीछे चलता है। दुनिया आशा पर ही टिकी हुई है। वैसे भी खडग़े देसी आदमी हैं, इस देश को बखूबी समझते हैं। कहीं न कहीं तो पहुंचाएंगे ही। परंतु खडग़े भी बेचारा क्या कर सकता है। दुनिया की नजर में तो वह आगे-आगे दिखाई देता है, लेकिन आज्ञा पीछे से राज परिवार ही दे रहा है। कभी दाएं मुड़, कभी बाएं मुड़। इस बुढ़ौती में खडग़े साहिब परेशान हैं।

# महिलाओं को संगठन व राजनीति में मजबूती से जुड़ना चाहिए : कुमकुम राय

**कानपुर।** पटेल संस्थान यशोदा नगर बायपास कानपुर के सभागृह में अखण्ड भारत के शिल्पी भारत रत्न पूर्व उप प्रधानमंत्री, भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के निर्वाण दिवस पर अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महिला महासभा कानपुर के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बौद्धिक सक्रिय सहयोगी सदस्यों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि माननीया कुमकुम राय ने महासभा की पदाधिकारियों व समाज सेवियों के साथ पटेल सेवा संस्थान स्थिति प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। महिला व पुरुष पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि आदरणीया कुमकुम राय जी को माला व शाल पहनाकर समान किया। रुचि कटियार ने मुख्य अतिथि जी के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विचार गोष्ठी की शुरूआत, सरदार बल्लभ भाई पटेल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए पटेल कैलाश उमराव ने बताया कि उनका जन्म 31 अक्टूबर सन 1875ई हुआ था इनकी पिता का नाम झबेर भाई वह माता का नाम लाडबाई था। इन्होंने मैट्रिक के बाद विदेश से बैरिस्टर की पढ़ाई की और नाडियाद (गुजरात) में वकालत करने लगे।

किसानों के ऊपर अतिशय लगान बढ़ाकर जबरन वसूली करने पर पीडित किसानों को संगठित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आन्दोलन कर दिया और अंग्रेजों को अपना फरमान वापस लेना पडा तभी बारडोली की महिलाओं ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी।भारत के प्रथम गृह मंत्री बने उन्होंने देश की 562 रियासतों को एक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। इसीलिए अखंड भारत के शिल्पी कहे जाते हैं। अपने अटल इरादों के कारण लौह पुरुष की संज्ञा दी गयी। उन्होंने अखिल भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा की




स्थापना की।भारत के सपूत ने 15 दिसंबर 1950 को इस संसार को छोड़ दिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत को एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाना चाहते थे। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गीता पटेल जी ने बताया कि संगठन की शक्ति से बड़ी से बड़ी जंग जीती जा सकती है। यहां तक कि सरकार को झुकाया जा सकता है। इसीके साथ ही साथ महिलाओं को राजनीति में भी आना चाहिए क्योंकि राजनीति वह चाभी है जिससे विकास के सारे ताले खुलते हैं। प्रसिद्ध समाजसेवी डा0 राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने अपने महत्वपूर्ण सारगर्भित विचारों से सरदार पटेल जी को कविता के रूप में प्रस्तुति दिया। वरिष्ठ साहित्यकार बृज उमराव, कवयित्री प्रतिमा उमराव, रमेश चन्द्र सिंह, शशिकांत सचान एडवोकेट, राकेश जी ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। पीसीएस अधिकारी मनोज उत्तम ने घर-परिवार,गाँव समाज में एकता का विचार दिया।पटेल प्रदीप कटियार ने सरदार पटेल व संविधान निर्माता डॉ0 बी आर अंबेडकर को नमन करते हुए उनके विचारों को अमल करने की बात कही तथा अन्य सामाजिक चिंतकों, बहनों, वक्ताओं ने भी अपने सारगर्भित विचार रखे। मुजफ्फरपुर बिहार से पधारी पूर्व सांसद व अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय कुमकुम राय जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन जैसा व्यक्तित्व ना हुआ है ना आगे होगा। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिस क्षेत्र में उन्होंने काम ना किया हो। वह एक सच्चे राष्ट्रभक्त, समर्पित नेता व देश के ऊपर सब कुछ न्योछावर करने वाले महापुरुष थे। यहां तक की एक मुकदमें की बहस के दौरान उनकी पत्नी के निधन का समाचार मिला। लेकिन वह पर्ची जेब में डालकर और वैसे ही केस बहस करते रहे। महिलाओं के लिए उनका स्पष्ट विचार था की आबादी में पर्दे में नहीं रहना चाहिए। उन्हें भी स्वतंत्र होकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं को सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राजनीति में बहुत ही बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा बच्चों को उच्च शिक्षित करना चाहिए तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दिखाना चाहिए। वैसे तो सभी क्षेत्रों में आज बेटियां बढ़-चढ़कर अपना परचम फहरा रही है लेकिन राजनीति में अभी काफी रिक्तिता है। इस दिशा में भी महिलाओं को आगे बढ़कर आना चाहिए। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महिला महासभा कानपुर के द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने पर, उन्होंने समस्त पदाधिकारी गण का बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि कानपुर की धरती में आकर मुझे आज बहुत अपनापन लग रहा है क्योंकि मैं उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद की बेटी हूँ और मुझे आज बड़ा गौरव महसूस हो रहा है कि हमारे पुरोधा ने जो पौधा लगाया था आज उस वट वृक्ष की शाखाएं समस्त राष्ट्र में काम कर रही हैं। यह मेरे लिए बहुत सुकून और गौरव की बात है। मैं कामना करती हूँ कि महासभा एवं पदाधिकारी और आगे बढ़कर के कार्य करें जिससे कि समाज विकसित, शिक्षित, सुदृढ़ व आर्थिक रूप से समृद्ध बनें। अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महासभा की जिलाध्यक्ष आदरणीय ममता सचान जी ने कार्यक्रम में समय देने के लिए मुख्य अतिथि माननीय कुमकुम राय जी का समस्त महासभा की ओर से आभार प्रकट करते हुए आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद प्रकट किया तथा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष कामिनी सचान ने किया। महासचिव प्रीति कटियार व कोषाध्यक्ष माया कटियार ने स्वल्पाहार की सुंदर व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नीरजा कटियार, कोषाध्यक्ष सविता उत्तम, मीरा उमराव, कविथित्री प्रतिमा उमराव, समाज सेविका व हेमा महिला संगठन की अध्यक्ष हेमा पटेल, अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा कानपुर जिला अध्यक्ष प्रदीप कटियार, कोषाध्यक्ष सुजीत सचान, राजेश कुमार वर्मा महासचिव इटावा, वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत सचान एडवोकेट, दिनेश कटियार एडवोकेट, राम आसरे कटियार, डा0 अजीत सिंह सचान, डा0 कुलदीप गंगवार, प्रदीप कटियार नरेंद्र नाथ उमराव, सागर मध्य प्रदेश से रमेश चन्द्र उमराव, इंजी व कवि बृजकिशोर उमराव, शिव गोविंद उमराव, इंजी अशोक उमराव, अरविंद उमराव, संदीप उत्तम, भाजपा नेता रमाकांत वर्मा, भाजपा जिला मंत्री संजय कटियार, महासभा संरक्षक सुरेश सचान, गौरव सचान,सतीश कटियार, नरेश कटियार आदि सैकड़ो उपस्थित रहे।

## घरेलू हिंसा का एकजुटता के साथ करें विरोध : कोआर्डीनेटर राधा शुक्ला



**मैथा कानपुर देहात।** स्मार्ट संस्था और सामुदायिक रेडियो के साझा सहयोग से चल रहे प्रोग्राम卐हिंसा को नो की गुरुवार लुधौरा गांव की सशक्त महिलाओं ने मनाया चौथा वार्षिकोत्सव। वार्षिकोत्सव में शिवली कोतवाली से हेड कांस्टेबल किरन गौतम और चन्दकुमारी के साथ वक्त की आवाज की कोऑर्डिनेटर राधा शुक्ला ने दीप प्रज्वलन के साथ प्रोग्राम की शुरुआत की। स्मार्ट संस्था के सहयोग से सामुदायिक रेडियो स्टेशन वक्त की आवास द्वारा मैथा तहसील क्षेत्र के लुधौरा गांव में मनाए गए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मौजूद बालिकाओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला उप निरीक्षक चंद्र कुमारी बुंदेला ने महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर 181,112,1090,1098 के बारे में जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आप सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा से संबंधित शिकायत करनी है तो शिवली थाने में बिना किसी झिझक के आए और अपनी शिकायत दर्ज कराए आपकी गोपनीयता को हमेशा बरकरार रखा जाएगा। वहीं वक्त की आवाज की कोऑर्डिनेटर राधा शुक्ला ने बताया कि अगर गांव में किसी भी महिला के साथ घरेलू हिंसा हो रही है तो एकजुटता दिखाते हुए उसका विरोध करे क्योंकि यह व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दा है इसलिए आवाज उठाना जरूरी है।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में वक्त की आवाज की समस्त टीम के साथ लुधौरा गांव से सुनीता, कुसमा, पूजा सुशीला, रामदेवी सहित आधा सैकड़ा से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं।

## मलासा ब्लाक के गौरीकरन गांव में दो वर्षो से रिबोर पड़े हैड़पंप से नहीं मिल पा रहा है पीने के लिये पानी

**भोगनीपुर कानपुर देहात।** मलासा विकासखंड के गौरी करन गांव में दो साल से रीबोर के बाद ग्रामीणों को नहीं हो रहा पानी नसीब ग्राम प्रधान से लेकर सचिव की लापरवाही साबित हो रही है। मलासा ब्लॉक के गौरी करन गांव में दो साल पहले ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान चंद्रशेखर द्विवेदी व सचिव के द्वारा रिबोर करा दिया गया। लेकिन पाइप न डालने से ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। जबकि प्रधान और सचिव के द्वारा रिबोर का पैसा भी उठा लिया गया है। ग्रामीणों ने कई बार ब्लॉक के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी अधिकारी अनसुनी कर रहे हैं। ग्रामीण रामकुमार कटियार मुरारी बनवारी सुरेश गोलू अशोक मन्नू गोयल नरेश गोयल लाल दीक्षित लाल जी अरविंद कटियार तुलसीराम आदि लोगों ने बताया कि दो साल पहले ब्लॉक के द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव ने रिबोर करा



दिया। लेकिन पाइप नहीं डाले गए जिससे आज तक ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। वहीं सचिव रवि शुक्ला ने बताया कि जानकारी नहीं है जांच करके हैं।डपंप को सही कराया जाएगा। वही मालसा ब्लॉक की वीडियो संजू सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी और हैंडपंप सही सही करा कर ग्रामीणों की समस्या का हल किया जाएगा।

## हिरण्यकश्यप वध एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

**मैथा कानपुर देहात।** सनातन धर्म परिवार समिति द्वारा भोला निवादा गांव स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमानगढ़ पड़ाव मंदिर पर चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में चतुर्थ दिवस की कथा में कथा व्यास ने हिरण्य कश्यप वध एवं भक्त प्रहलाद की अमृतमयी कथा का रसपान करवाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए कथा पंडाल में प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मैथा क्षेत्र के नेवादा देवराय गांव स्थित हनुमानगढ़ पड़ाव मंदिर पर चल रही सप्त दिवस श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन की कथा का रसपान करवाते हुए व्यास राजेश द्विवेदी ने कहा कि भक्त प्रहलाद बचपन से ही ईश्वर की भक्ति में लीन हो गए थे पिता हिरण्य कश्यप पुत्र की ईश्वर भक्ति से खिन्न् था और उन्हें ईश्वर भक्ति से दूर करने के लिए तरह-तरह की यात्राएं देने लगा। इसके बाद भी उसने भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी। यहां



तक कि उनकी बुआ होलिका अपने भाई के कहने पर वरदान में दी गई चुनरी ओढ़ कर भगवान प्रहलाद के साथ जलती हुई आग में बैठ गई। भगवान की कृपा से चुनरी ने भक्त प्रहलाद को बचा लिया और होलिका आग में जलकर मर गई। बाद में प्रहलाद को मारने के लिए पिता ने अपने दूतों से पुत्र को पहाड़ों से नीचे फिकवाया, मदमस्त हाथी के आगे डलवाया इसके बावजूद जब प्रहलाद की मौत नहीं हुई तो स्वयं उसने एक खंभे को गर्म कराकर भक्त प्रहलाद को खंभे से लिपटना के लिए कहा और स्वयं तलवार लेकर उसको करने को खड़ा हो गया। भक्त प्रहलाद की पुकार सुनकर खंबा फट गया और खंबे के अंदर से नरसिंह भगवान प्रकट हो गए और उन्होंने हिरण्यकशिपु का वध कर डाला उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है जो लोग अहंकार करते हैं उनका अंत भी हिरण्यकशिपु की तरह हो जाता है। ऐसा मार्मिक प्रसंग सुन श्रोता गण आनंदित हो उठे। कथा दौरान मंच संचालक पं0 भोले शुक्ला, महेश पाण्डेय रीशुअवस्थी, मनीष दुबे, शिवम दुबे, राजेश तिवारी, बाबू तिवारी, बेनी माधव, नीरज वर्मा नीलू शुक्ला सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

## कैम्प में 110 रोगियो का किया गया नेत्र परीक्षण



**अमिलो, आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इब्राहीमपुर के मदरसा अजीजिय नासिरूल ओलूम के परिसर में बृहस्पतिवार को नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 110नेत्र रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यकता के अनुसार चश्मा का वितरण किया गया। कैम्प विजन स्प्रिंग फाउण्डेशन नोएडा की ओर लगाया गया जिसमें विशेष रूप रूप से बुनकर मजदूर परिवार को लाभान्वित किया जाना है। विजन स्प्रिंग फाउण्डेशन नोएडा विशेष रूप से बुनकर मजदूर परिवार को नेत्र रोग से निजात दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। डाक्टर दिलीप ने बताया कि बुनकर की आंख की रोशनी ठीक है तो वह बुनाई भी ठीक से कर सकता है।गरीब बुनकर मजदूर को नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्मा वितरण किया जाएगा। नेत्र रोगी बुनकर हो या फिर अन्य कोई भी रोगी मुफ्त में जांच करके चश्मा का वितरण किया जायेगा। इस प्रकार कुल 110रोगियो को कैम्प में लाभान्वित किया गया। जांच टीम में मुख्य रूप से डाक्टर दिलीप, समन्वयक राम कुमार, बृजेश मिश्रा, मोहम्मद दानिश शामिल रहे।

## लकड़ी ठेकदारों को नहीं है विभागीय अधिकारियों का भय

### नहीं होती कोई कार्यवाही

**रूरा कानपुर देहात।** राष्ट्रीय वन नीति 1988 के मुताबिक 33 प्रतिशत व उत्तर प्रदेश वन नीति 1958 के मुताबिक कम से कम 20 प्रतिशत क्षेत्र में वन होना चाहिए। इसके लिए जिले में हरियाली लाने के लिए पौधारोपण का लक्ष्य बढ़ाया गया, लेकिन अवैध कटान होने से वन क्षेत्र बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है। इसके बावजूद बिना अनुमति के ही आम के हरे पेड़ को कुछ ठेकेदारों ने काट दिया। जिसकी वन विभाग के अधिकारियों से लेकर वन रक्षकों तक को जानकारी नहीं हो सकी।पर्यावरण संरक्षण के नाम पर वैसे तो बड़ी-बड़ी बातें होती हैं और अभियान चलाए जाते हैं लेकिन पुलिस और वन विभाग की सांठगांठ से बिना अनुमति के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। रूरा थाना क्षेत्र के ग्राम अंबरपुर में अवैध रूप से कुछ ठेकेदारों ने एक हरे आम के पेड़ पर आरी चला लकड़ी तक उठा ले गए। सूचना देने के बावजूद भी वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे है। थाना रूरा



क्षेत्र के ग्राम अंबरपुर में रविवार को गांव के बाहर सिंचाई विभाग की नाली में खड़े प्रतिबंधित हरे आम के पेड़ को बिना अनुमति काट कर ले गए।

पिछले दिनों यह पेड़ अंबरपुर के एक व्यक्ति से ठेकेदार अली निवासी बिवाईन ने खरीदे थे और यह कहा था कि वन विभाग से अनुमति लेकर ही काटे जाने की बात कही थी। लेकिन वन विभाग और स्थानीय थाना पुलिस की सांठगांठ के चलते रविवार की देर रात ठेकेदारों ने अवैध रूप से बिना अनुमति के ही पेड़ काट दिए। इसकी सूचना वन विभाग को भी दी गई लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंच जबकि मौके पर विशाल हरे आम के पेड़ की कटी हुई जड़ को देखा जा सकता है। क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ो की कटान अवैध रूप से की जाती है अवैध पेड़ काटने वाले ठेकेदारों को अगर रोका जाए तो वह थाने को समझ लिया है की बात कह कर धड़ल्ले से पेड़ की कटाई करते है। हरे पेड़ काटने की अनुमति नहीं दी जा रही है।मामला संज्ञान में आया है जांच कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी

## दो दिन पूरी तरह बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**माहुल, आजमगढ़।** विद्युत उपकेंद्र माहुल पर पांच एमवीए की जगह 10 एम वी ए का पावर परिवर्तक स्थापित होने की वजह से 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। इस बात की जानकारी विद्युत उपकेंद्र माहुल के उप खंड अधिकारी महेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति हेतु माहुल और पवई में जर्जर तारों और खंभों को बदलने की प्रक्रिया चल रही जिसमें 25 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत बाधित रहने की सूचना पहले दी जा चुकी है। माहुल उपकेंद्र पर विशेष कार्य चल रहा जिसके कारण दो दिन पूर्णतया बिजली बाधित रहेगी।

## 20 एकड़ भूमि होने के बाद भी छोटे से कमरे में चल रही आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई

### एमएलसी रामसूरत राजभर ने सदन में उठाया मुद्दा



**माहुल, आजमगढ़।** भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर ने विधान परिषद में नियम 110 के तहत मेडिकल कालेज चक्रपानपुर में व्याप्त दुर्व्यवस्था का मुद्दा उठाया।रामसूरत राजभर ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि आजमगढ़ के इस मेडिकल कालेज में 20 एकड़ जमीन बहुत पहले क्रय की गई है पर आज तक भवन का निर्माण नहीं हो सका। जिसके कारण छोटे से भवन और कमरे में पैरा मेडिकल की पढ़ाई हो रही जब कि इस कालेज में डिप्लोमा इन ट्रेड की 110सीटों की मान्यता है।जिसमें लैब टेक्नीशियन की 25सीट एक्सरे टेक्नीशियन की 25 सीट फिजियोथैरेपी, आर्थमैटरी और ओटी टेक्नीशियन की 20/20सीट की मान्यता है और पांच वर्षों से प्रति वर्ष यहां से छात्र पढ़ाई करके निकल रहे। यही नहीं इस कालेज में टीचिंग स्टाफ का भी पद अभी तक शासन द्वारा श्रृजित नहीं किया गया है।उन्होंने मांग किया कि सदन में पैरामेडिकल कॉलेज की इस दुर्व्यवस्था पर चर्चा के बाद इसको दूर करने की मांग की।

## कटिया मशीन में पुआल काटते समय चपेट में आया युवक

- गंभीर हालत में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किया रेफर
- ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए भेजवाया अस्पताल

**सन्दलपुर, कानपुर देहात।** जसापुर गांव में कटिया मशीन से ट्रैक्टर लगाकर पुआल की कटाई की जा रही थी। इसी दौरान पुआल मशीन में लगाते समय किशनपुर निवासी कमलेश (45) पुत्र स्व0 प्रभु दयाल मशीन की चपेट में आ गए। जब तक ट्रैक्टर बंद किया जाता तब तक वह बुरी तरह घायल हो गए चिल्लाने पर वहां मौजूद आसपास लोगों ने ट्रैक्टर बंद कर कमलेश कुमार को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर भिजवाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर दिलीप सक्सेना ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किशनपुर निवासी कमलेश कुमार (45) पुत्र स्वर्गीय प्रभु दयाल ने 1



साल पहले महिंद्रा ट्रैक्टर खरीदा था जिससे वह कटिया मशीन लगाकर गांव- गांव जानवरों का चारा काटते हैं।गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे वह मशीन लेकर जसापुर गांव पहुंचे जहां वह कटिया मशीन से पुआल काट रहे थे। इसी दौरान कमलेश के कपड़े कटिया मशीन में फंस गए जिससे उनकी चीख निकल गई आसपास मौजूद लोगों ने जब तक ट्रैक्टर बंद किया। तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर भिजवाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर दिलीप सक्सेना ने हाथ में फैक्चर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## जिम्मेदारी से व्यापारियों के हितों की लड़ाई लडूंगा :रामनरेश सिंह रजावत

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के अध्यक्ष की संस्तुति पर मुझे संगठन मंत्री का जो दायित्व दिया गया है। उसके लिए मैं संगठन का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। मेरा प्रयास हमेशा रहेगा कि कानपुर ग्रामीण व्यापारी जनों के हितों के लिए हमेशा डटकर खड़ा रहूंगा और उनके हित में कार्य करूंगा। यह बात कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के वरिष्ठ संगठन मंत्री रामनरेश सिंह राजावत ने कही।रसूलाबाद क्षेत्र के कहिंजरी खुर्द ग्राम पंचायत का मजरा पोवा निवासी मिलनसार व लोकप्रिय समाज सेवी रामनरेश सिंह राजावत को कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल में अहम जिम्मेदारी दी गई। संगठन के अध्यक्ष राजेश चंदेल ने रामनरेश सिंह राजावत को वरिष्ठ संगठन मंत्री घोषित किया। जिससे उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। व्यापारियों ने बताया कि रामनरेश सिंह अपने बेबाक स्वभाव के साथ निडर होकर जिम्मेदारों से व्यापारी हित की बात रखने का माद्दा रखते हैं। व्यापारियों को ऐसे पदाधिकारी की आवश्यकता है। बतौर रामनरेश सिंह रसूलाबाद क्षेत्र के एक छोटे से गांव पोवा के रहने वाले हैं और गांव में कंबल वितरण समारोह,नि:शुल्क नेत्र शिविर व पथ प्रकाश सहित कई समाज सेवा के कार्य करके लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। उनको मिली जिम्मेदारी पर उनके समर्थकों ने ने प्रसन्नता व्यक्त की।



## सेल्स मैन से हुई लूट में मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरे हुए गिरफ्तार



**रूरा कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के पास आज्ञात लुटेरों ने शराब ठेके के सेल्समैन से लूट की वारदात को अंजाम दिया था पुलिस ने महज 8 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया पुलिस मुठभेड़ में दोनों लुटेरों के पैर में गोली लगी है पुलिस को उनके पास से 65000 रुपए दो अदद तमंचा भी बरामद हुए एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पीड़ित कमल शर्मा जो सुरगांव का रहने वाला है शराब ठेके से बिक्री का कैश लेकर जा रहा था इस दौरान कार में सवार लोगों ने उनकी गाड़ी के आगे कार लगाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने रूरा थाना पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए सभी बॉर्डर को सील कर दिया था इसी दौरान पुलिस टीम नें रसूलाबाद के नोहा नौगांव से लूट में इस्तेमाल की गई कार को बरामद कर ली थी संदेह के आधार पर नौहा नौगांव के जंगलो में पुलिस टीम ने तलाश सुरु की थी इस दौरान जंगल के अंदर मौजूद दो लुटेरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग सुरु कर दी इसके जवाब में पुलिस ने भी जवाब देना सुरु कर दिया तभी दो लुटेरों के पैर में गोली लग गई पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में लेते हुए इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहाँ दोनों की हालात सामन्य बनी हुई है वहीं फरार अन्य की तलाश में पुलिस टीम जुटी है एसपी ने बताया की पुलिस टीम ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है पुलिस पूछताछ में में आरोपियों की पहचान घाटमपुर निवासी दीपक व गजनेर निवासी नफीस के रूप में हुई फरार अन्य की तलाश की जा रही है।

# खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला करने वाले 4 के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज

**❑ बिना परिवहन चालान के चार टाटा 407 जब्त**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर सुबह 10ः00 बजे खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित पुलिस बल द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में टीम ने बालाजी पेट्रोल पंप के पास बलियापुर रोड पर बिना परिवहन चालान के बालू लदे 2 ट्रैक्टर को पकड़ा..जब तक आगे की कार्रवाई की जाती इससे पहले अचानक 8-10 व्यक्तियों ने धारदार हथियार, लाठी, डंडा, बेलचा, पत्थर इत्यादि से खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला कर दिया और जबरन बिना परिवहन चालान के बालू लदे दोनों वाहनों को वहां से भगा दिया।स्थानीय पूछताछ के दौरान हमलावरों के नाम की जानकारी टीम को प्राप्त हुई।इसके बाद सरायढेला थाना में कोल कुसमा निवासी राजेंद्र सिंह, ग्राम मोराईडीह, थाना निरसा के रहने वाले असीम मंडल उर्फ चीकू मंडल, राकेश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल तथा गोविंदपुर के रहने वाले राहुल सिंह एवं अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला करने के लिए नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई,

**बिना परिवहन चालान के चार टाटा 407 जब्त**

इससे पहले टीम ने सुबह लगभग 8ः00 बजे डी.जी.एम.एस. के सामने हटिया मोड़ के पास चार टाटा 407 संख्या जेएच 10 जी 4737, जेएच 10 ए 3282, जेएच 09 एम 7478 तथा बीआर 16 जी 8963 को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा।टीम ने चारों वाहन को जब्त करके धनबाद थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज करा दी गई ।

### कुड़वार थाने में तैनात उप निरीक्षक मुक्ताबुद्दीन की हृदय गति रूकने से हुई मौत

**सुलतानपुर।** कुड़वार थाने में तैनात प्रयागराज के थाना सोरांव अंतर्गत कृपालुपुर निवासी उपनिरीक्षक मुक्ताबुद्दीन की बुधवार को अचानक दोपहर में तबियत बिगड़ने लगी । थाने में तैनात साथी पुलिस कर्मियों को जैसे ही खबर लगी तत्काल जिला जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे ! जहा। चिकित्सकों ने उप निरीक्षक को मृत घोषित कर दिया ! प्रभारी निरीक्षक



चंद्रभान वर्मा ने बताया कि अचानक तबियत खराब होने पर तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है ! हार्ड अटैक की जताई जा रही आशंका।

## एच सी एल फाउंडेशन और सी एल आर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला प्रशिक्षण



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार विकास भवन में बाल विकास विभाग के साथ मिलकर एच सी एल फाउंडेशन और सेंटर फॉर लर्निंग रिसोर्सेस द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम क्रियाकलाप से बाल शिक्षण के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की समझ ईसीसीई के विषयों पर और विकसित करने के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें लखनऊ के तीन ब्लॉक चिनहट, मटियारी, गोमती नगर की 60 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया, इस प्रशिक्षण का संचालन सेंटर फॉर लर्निंग रिसोर्सेस से सलोनी बक्शी और मधु सिंह ने किया। इस दौरान मधु और सलोनी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वागत, मुक्त खेल, भाव गीत एवं नेम टैग पहचानने की गतिविधियों के प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और बच्चों में साक्षरता विकास और सामाजिक विकास के साथ - साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय पर गहरी चर्चा हुई, इस दौरान सुपरवाइजर वंदना कुमारी, मीना वर्मा, प्रेमवती धीरज और सी एल आर से व्यवस्थापक शिवानी मौजूद रही।

## आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। शिक्षा मंत्रालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के तहत आयोजित प्रमुख पहल,नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम , आज आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के एमएमटीटी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने देशभर के विभिन्न संस्थानों जैसे बीएचयू वाराणसी, ईएफएलयू हैदराबाद, केंद्रीय कश्मीर विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, आईआईटी जोधपुर, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, सिद्धो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय, और गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय अहमदाबाद के प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल का विकास किया। यह परिवर्तनकारी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित थी, जिसमें नेतृत्व विकास और हाइहर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के फैकल्टी की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। शिक्षा मंत्रालय का मालवीय मिशन



शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत समर्थन इस दृष्टि को साकार करने में सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, माननीय डॉ. पंकज के.पी. श्रेयास्कर, उप महानिदेशक, मोएसपीआई, भारत सरकार द्वारा दिया गया प्रेरणादायक मुख्य भाषण प्रतिभागियों के बीच गहराई से प्रतिध्वनित हुआ। विशिष्ट अतिथि, प्रो. सागर पाल, डीन (आर् ×डी) ने अकादमिक क्षेत्र में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, प्रतिभागियों को बदलाव के वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। एमएमटीटी केंद्र की कार्यक्रम निदेशक, प्रो. मृणालिनी पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। विशेष धन्यवाद सम्मानित विशेषज्ञों को दिया गया, जिनके ज्ञानवर्धक सत्रों ने प्रतिभागियों की सोच को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन आयोजन समिति के सघन प्रयासों के कारण संभव हो पाया, जिनकी मेहनत ने सभी के लिए एक उत्पादक और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित किया,卐 प्रो. पांडेय ने आगे कहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नेतृत्व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के समापन के साथ, प्रतिभागियों को सिखाए गए पाठ और बनाए गए संबंधों को आगे बढ़ाने, और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणा और नवाचार लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सांता क्लाज ने सुनी दादी नानी की कहानी




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। खेल-खेल में शिक्षा और बच्चों को नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देने के उद्देश्य से प्रतिमाह होने वाली दादी नानी की कहानी श्रृंखला के 64वें आयोजन में बच्चों ने सांता क्लाज के वेश में कहानी सुनी। शुक्रवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा गोमतीनगर के विराम खंड स्थित लिटिल चैम्प्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने छोटा तारा कहानी सुनायी। बच्चों को संदेश दिया कि दूसरों की मदद करना सबके लिए खुशियां लाता है। खुशी बांटने से बढ़ती है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋचा माथुर सहित अध्यापिकायें और अन्य लोग मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के दिए निर्देश**



**अमेठी।** विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरीपुर में एग्रीस्टैक योजना के तहत कृषि व राजस्व विभाग द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी के लिए पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका जिलाधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को किसानों से समन्वय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पाए। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्व गांवों में कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों हेतु बार-बार भौतिक सत्यापन से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से नजदीकी जन सेवा केंद्र व राजस्व गांव में आयोजित होने वाले कैंप में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लेने की अपील की है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कैंप में फैमिली आईडी बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को फैमिली आईडी के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## विद्या भारती अखिल भारतीय पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ**

असम। विद्याभारती के पूर्व छात्रों की अखिल भारतीय बैठक कल गुवाहाटी के मालीगांव स्थित सेवा भारती, अडिंगगिरी ट्राइबल हॉस्टल प्रोजेक्ट में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद महंत, विद्या भारती की अखिल भारतीय पूर्व छात्र परिषद के प्रभारी विजय नड्डा, पूर्वोत्तर क्षेत्र संगठन के मंत्री डॉ. पवन तिवारी, उत्तर असम के संगठन मंत्री नीरव गिलानी, शिशु शिक्षा समिति, असम के सभापति कुलेंद्र कुमार भगवती, सचिव जगन्नाथ राजवंशी और विद्या भारती के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय समन्वयक स्वप्ना देवी की देखरेख में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के पूर्व छात्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिशु शिक्षा समिति उत्तर असम क्षेत्र के प्रचार प्रमुख मुकुटेश्वर गोस्वामी के अनुसार, इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पूर्व छात्र समन्वयक, सह-समन्वयक और विदेशों में काम करने वाले पूर्व छात्रों सहित भारत भर के विभिन्न राज्यों के लगभग 45 पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

## जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न




**हमीरपुर।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम जनपद में संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन एवं नवीनीकरण आदि के संबंध में विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संचालित जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का प्रत्येक माह निरीक्षण करके उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए। जनपद में किसी भी दशा में अवैध /बिना पंजीयन के अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं संचालित होने चाहिए । कहा कि यदि कहीं पर भी इस प्रकार के अवैध केंद्र संचालित हो तो उसके बारे में लोग उन्हें सीधा सूचना दे सकते हैं । कहा कि सभी केंद्र नियमानुसार संचालित होने चाहिए। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण का लिंग परीक्षण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए ।उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नियमों के अनुरूप नही चल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सर्वे कर अवैध/ फर्जी डायग्नोस सेंटर /पैथोलॉजी /नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे सभी फर्जी /अवैध डायग्नोज/ पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाए जो मानक एवं नियमों के अनुरूप नहीं है।इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गीतम सिंह ,सीएमएस महिला अस्पताल ,सीएमएस पुरुष अस्पताल ,डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, जलीश खान तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### सहकारी समिति खैरहनी पहाड़गढ़ में उर्वरक के दामों में मनमानी उगाही से ग्रामीण परेशान

**सलोन, रायबरेली।** विकासखंड सलोन के अंतर्गत आने वाली सहकारी समिति खैरहनी पहाड़गढ़ में उर्वरक वितरण में भारी अनियमितता सामने आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि समिति के सचिव सरकारी दरों से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेच रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यूरिया का सरकारी मूल्य ?266 प्रति बोरी है, लेकिन सचिव इसे ?300 प्रति बोरी में बेच रहे हैं। इसी तरह, डीएपी का सरकारी दाम ?1350 प्रति बोरी है, जबकि ग्रामीणों से ?1400 प्रति बोरी लिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की मनमानी ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। पहले से ही खेती की लागत बढ़ी हुई है, और सचिव द्वारा अधिक मूल्य वसूले जाने से उनकी आर्थिक स्थिति पर और दबाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करने की बात कही है और मांग की है कि जल्द से जल्द सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 6 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** जनपद अमेठी में पुलिस प्रसासन द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को उ0नि0 लक्ष्मण सिंह चंदेल थाना मोहनगंज द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा 191(2), 191(3), 115(2), 118(1), 352, 351(3),110 बीएनएस मे वांछित 03 नफर अभियुक्त 1. कृष्ण कुमार पुत्र विन्धा प्रसाद 2. राजा उर्फ हीरालाल पुत्र कृष्ण कुमार 3. अमरेश पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम कामापुर मजरे नरसतपुर थाना मोहनगंज अमेठी को नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास से धारा 191(2), 191(3), 115(2), 118(1), 352, 351(3),110 बीएनएस में वांछित 03 नफर अभियुक्त 1. केशव लाल पुत्र विन्दा प्रसाद 2. हेमराज वर्मा पुत्र विन्दा प्रसाद 3. शिवम वर्मा पुत्र केशव वर्मा निवासी कामापुर मजरे नरसतपुर थाना मोहनगंज अमेठी को मोहनगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## लाठी डंडा लेकर सैकड़ों महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**डीएसओ आफिस का घेराव कर लगाये मुर्दाबाद के नारे**



**अमेठी।** जनपद में पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में न जुड़ने से नाराज सैकड़ो की संख्या में लाठी डंडो से लैस महिलाओं ने गुरुवार को डीएसओ आफिस का घेराव किया।इस दौरान महिलाओं ने जमकर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।वही महिलाओं के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसबल को भी तैनात किया गया था। पूरा मामला अमेठी के जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित डीएसओ का कार्यालय का है जहाँ गुरुवार को रीता सिंह किसान नेता जन कल्याण समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लाठी डंडा लेकर महिलाएं मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए आफिस पहुँची।महिलाओ का आरोप था कि शासन द्वारा नागरिकों को खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य की आपूर्ति की जाती है।लेकिन विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में नही जुड़ पा रहे है जिसके कारण पात्र व्यक्तियों को राशन नही मिल पा रहा है।बार बार पात्र व्यक्तियों द्वारा इसकी शिकायत की जा रही है बावजूद इसके कोई कार्यवाही नही हो रही है।महिलाओं ने कहा कि अगर पात्र व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में नही जुड़े तो आने वाले समय मे विभाग द्वारा बड़ैया प्रदर्शन किया जाएगा।वही महिलाओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिसबल को भी तैनात किया गया था।महिलाओं के प्रदर्शन को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने उनकी बातों को सुनकर जल्द से जल्द कार्यवाही का आदेश दिया है।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर व्यापारियों के साथ की गई गोष्ठी




**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देश में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सर्राफा व्यवसायी व व्यापारियों के साथ गोष्ठी की गयी। बैठक में व्यापारियों को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की अपील की गई एवं व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया । व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने के लिए अवगत कराया गया । इस दौरान प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने रेलवे स्टेशन और गौरीगंज रेन बसेरे का किया निरीक्षण

**ठंड में लोगो के राहत के लिए जलवाए अलाव**




**अमेठी।** जनपद में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने गुरुवार को गौरीगंज रेलवे स्टेशन और रेन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों और रेन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन और रेन बसेरे में अलाव जलाने के लिए लकड़ी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि रेन बसेरे में ठहरने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कंबल, बिस्तर, और अलाव की व्यवस्था ऐसी हो कि ठंड से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए हर जगह अलाव की व्यवस्था की जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति तक राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। रेन बसेरे और रेलवे स्टेशन पर किसी को भी ठंड के कारण परेशानी न हो, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।अलाव जलने पर स्थानीय लोगों और यात्रियों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना की। लोगों ने अमेठी प्रसासन का धन्यवाद किया और कहा जिलाधिकारी का यह कदम ठंड के मौसम में बड़ी राहत देगा।

# शाकाहारी बनने वाली बात पर भड़कीं साई पल्लवी, बोलीं– कानूनी कार्रवाई करूंगी, 'रामायण' के लिए मांस छोड़ने की खबर थी



पिछले दिनों खबरें आई थीं कि साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने फिल्म रामायण के लिए मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। इस बीच, एक्ट्रेस ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और इन्हें खारिज करते हुए ऐसी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही है। साई पल्लवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा नोट लिखते हुए इसकी आलोचना भी की है। उन्होंने लिखा, श्जब भी मैं सोशल मीडिया पर कोई गलत खबर देखती हूं, तो ज्यादातर मेरी कोशिश रहती है कि उसे नजर अंदाज करके चुप रहूं। लेकिन लगता है कि अब समय आ गया है कि मैं भी कुछ झूठी खबरों पर अपना रिएक्शन दूं, क्योंकि झूठ लगातार फैलाया जाता है और यह रुकता नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा अक्सर मेरी फिल्मों की रिलीज, घोषणाओं या मेरे करियर के यादगार पलों के आसपास होता है। तो, अगली बार जब मैं किसी फेमस पेज या मीडिया को ऐसा करते हुए देखूंगी, तो मुझे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी।' जानिए क्या है पूरा मामला? दरअसल, एक तमिल दैनिक ने अपनी खबर में कहा था कि साई पल्लवी फिल्म रामायण में माता सीता का किरदार निभा रही हैं, और इसके चलते उन्होंने मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। इसके अलावा, यह भी दावा किया गया था कि जब भी एक्ट्रेस यात्रा करती हैं, तो वह केवल शाकाहारी भोजन ही पसंद करती हैं। मैं हमेशा के लिए शाकाहारी हूं– साई पल्लवी एक इंटरव्यू में भी साई पल्लवी ने कहा था कि वह हमेशा के लिए शाकाहारी हैं। उनसे यह सहन नहीं होता जब किसी जानवर की मौत होती है। वह किसी को तकलीफ नहीं दे सकती और नहीं सोच सकती कि यह ठीक है। भगवान राम के किरदार में दिखेंगे रणबीर फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और पल्लवी सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा। इसके अलावा टीवी एक्टर रवि दुबे भी फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। नितेश तिवारी की रामायण में नजर आएंगे रवि दुबेरूएक्टर ने दी अपने किरदार की जानकारी, वाइफसरगुन को भी नहीं पता था उनका रोल टीवी एक्टर रवि दुबे, नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में नजर आएंगे। एक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म में अपने रोल को लेकर कई खुलासे किए हैं। रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर रामायण में रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभाएंगे। साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी, नितेश तिवारी की श्रामायणश् में रणबीर कपूर के साथ सीता का रोल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि एक्टर ने फिल्म के लिए मांसाहारी खाना छोड़ दिया है। हालांकि, उन्होंने अब उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है और आगे किसी भी अफवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बुधवार को, साई पल्लवी ने एक्स पर एक लंबा नोट लिखा और रामायण में सीता की भूमिका निभाने के लिए शाकाहारी बनने की खबर की आलोचना की। श्ज्यादातर बार, लगभग हर बार, जब भी मैं आधारहीन अफवाहेंध्मनगढ़ंत झूठध्गलत बयान देखती हूं जो बिना किसी मकसद के (भगवान जाने) फैलाए जाते हैं तो मैं चुप रहना पसंद करती हूं लेकिन अब समय आ गया है कि मैं इस पर प्रतिक्रिया दूं। ये लगातार होता रहता है और रुकता नहीं है, खासकर मेरी फिल्मों की रिलीजध्घोषणाओंध्मेरे करियर के यादगार पलों के आसपास ही ये होता है। अगली बार जब मैं किसी प्रतिष्ठित पेज या मीडियाध्व्यक्ति को मनगढ़ंत घटिया कहानी कहते हुए देखूंगी, समाचार या गपशप के नाम पर ऐसा किया तो आप कानूनी रूप से मुझसे सुनेंगे!श् साई पल्लवी को शाकाहारी कहने पर भड़कीं एक्ट्रेस यह बात तब सामने आई जब एक तमिल दैनिक ने अपनी खबर में कहा कि एक्ट्रेस ने मांसाहारी खाना छोड़ दिया है, क्योंकि वह सीता माता की भूमिका निभा रही हैं। इसमें आगे दावा किया गया कि वह अपनी यात्राओं के दौरान रसोइयों की अपनी टीम के साथ यात्रा करती हैं, जो उनके लिए केवल शाकाहारी भोजन बनाते हैं। हमेशा से शाकाहारी हैं साई पल्लवी बता दें कि साई पल्लवी हमेशा से शाकाहारी रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बार एक इंटरव्यू में यहां तक कहा था, श्यदि आप भोजन करते हैं, तो मैं हमेशा के लिए शाकाहारी हूं। मैं नहीं देख सकती कि कब कोई जीवन मर जाता है। मैं किसी व्यक्ति को चोट नहीं पहुंचा सकती और यह नहीं सोच सकती कि यह ठीक है, वे इसके लायक हैं।श् साई पल्लवी की फिल्म श्अमरनश् साई पल्लवी को आखिरी बार तमिल एक्शन फिल्म श्अमरनश् में देखा गया था। यह शिव अरूर और राहुल सिंह की बुकी सीरीज श्इंडियाज मोस्ट फियरलेसरू ट्रू स्टोरीज ऑफमॉडर्न मिलिट्री हीरोजश् पर बेस्ड है, जिसमें मुकुंद पर आधारित एक पार्ट भी है। फिल्म उसी पर बनी है। नितेश तिवारी की रामायण का जब से ऐलान हुआ है तबसे तरह तरह की खबरें सामने आ रही हैं. फिल्म में राम के रूप में रणबीर कपूर तो सीता के रोल में साई पल्लवी नजर आएंगी. अब साई पल्लवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर श्रामायणश् के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का खंडन किया. एक्ट्रेस ने अफवाहों को श्मनगढ़ंतश् करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी. अफवाहों को लेकर गुस्से में आईं साई पल्लवी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ष्ज्यादातर समय, लगभग हर बार, जब भी मैं निराधार अफवाहों या मनगढ़ंत झूठ, गलत बयानों को मकसद या बेमकसद फैलते देखती हूं (भगवान जाने) तो मैं चुप रहना ज्यादा पसंद करती हूं और ऐसे मौकों पर कुछ नहीं बोलती.ष् वह लिखती हैं, ष्मैं खास तौर पर फिल्मों की रिलीज, घोषणा या मेरे करियर के यादगार पलों के समय किसी तरह की अफवाहों पर आमतौर पर चुप ही रहती हूं. (ऐसा हर बार नहीं होगा) अगली बार जब मैं किसी पेज, मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी. कानूनी कार्रवाई करूंगी! बस!ष् साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार श्रामायणश् में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी. श्रामायणश् में माता सीता की भूमिका निभा रहीं साई पल्लवी के साथ रणबीर कपूर राम की भूमिका में तो श्केजीएफश् स्टार यश लंकापति रावण की भूमिका में और लारा दत्ता कैकेयी की और सनी देओल वीर हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे. बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्म, 2 हीरोइनों के किसिंग सीन ने डुबो दी लुटिया, डायरेक्टर का हो गया था पैकअप विवादित बयान साई पल्लवी अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं. हाल ही में अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान देती नजर आई थीं.



## 'चोट लगने से वजन बढ़ गया था, जिसे लेकर सचेत थीं'

एक्ट्रेस अशनूर कौर की फिल्म शिकसको था पताश् जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा की पत्नी, रत्ना सिन्हा ने किया है। अशनूर इससे पहले रणबीर कपूर की श्संजूश् और तापसी पन्नू की श्मनमर्जियांश् में सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर काम कर चुकी हैं। हालांकि, यह उनकी पहली फिल्म बतौर लीड होगी। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने अपने शूटिंग अनुभव और फिटनेस चौलेंज के बारे में खुलकर बात की।

अशनूर ने बताया कि कैसे चोट की वजह से शूटिंग के दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वह अपनी फिटनेस के प्रति बहुत सतर्क थीं। उन्होंने कहा, श्मुझे घुटनों में चोट लग गई थी, इसलिए शूटिंग के दौरान मेरी फिटनेस रूटीन रुक गई थी। अगले दिन एक बाइक सीक्वेंस शूट होना था, जो कि स्क्रिप्ट में नहीं था, लेकिन मैंने डायरेक्टर को बताया कि मुझे बाइक चलानी आती है और मैं कर सकती हूं। वह सीन खास तौर पर शामिल किया गया था। फिर अगले दिन ही शूट नहीं हो सका क्योंकि मेरी चोट के कारण मुझे काफी दर्द हो रहा था। मेरी फिटनेस रूटीन भी रुक गई, तो मुझे अपनी डाइट को लेकर और सतर्क होना पड़ा। अगर आप फिल्म देखेंगे तो शायद आपको मेरी फ्लक्टूएटिंग फिजिक नजर आए। कभी ज्यादा वजन दिख रहा था तो कभी नॉर्मल। इसलिए, शूटिंग के दौरान मैं अपने वजन को लेकर काफी जागरूक थी।श् जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें इस किरदार के लिए कोई फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करना पड़ा, तो अशनूर ने कहा, श्ज्यादा समय नहीं मिला, मुझे करना था लेकिन नहीं हो पाया। हमने कोशिश की और बेस्ट किया।श् इन दिनों, अशनूर डेली सोप श्सुमन इंदोरीश् में काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि कैसे उन्होंने इस फिल्म के प्रमोशन को प्राथमिकता देने के लिए डेली सोप से ब्रेक लिया और दोनों कामों को बैलेंस करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, श्मुश्किल तो है क्योंकि जाहिर है, शो में मेरा डुप्लिकेट शूट हो रहा है, बॉडी डबल का इस्तेमाल हो रहा है। लोग कहते हैं कि आप दो चीजें एक साथ नहीं कर सकते या एक ही काम कर सकते हैं एक बार में, लेकिन मुझे लगता है कि नहीं, आपको बस उसे बैलेंस करना चाहिए। आप दोनों चीजें कर सकते हैं, बस उसे मैनेज करना होगा और दोनों काम अच्छे से कर सकते हैं।श् फिल्म में किरदार श्रेया के लिए अशनूर ने बताया, श्हमारे वर्कशॉप हुए थे। आपको अपने किरदार के लिए काम करना पड़ता है इससे पहले कि वह स्क्रीन पर आए। मुझे बहुत कम समय मिला, सच कहूं तो, बाकी लोग इस पर महीनों से काम कर रहे थे। मुझे सिर्फ एक हफ्ता मिला, लेकिन उसमें रत्ना मॅम की गाइडेंस और डायरेक्शन, हर विजन को समझने में मदद मिली। यह एक लंबी प्रोसेस थी, जिसे हमने एक हफ्ते में पूरा किया और फ्लोर पर उतर गए।




## OTT पर कहां देखें गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्में?

इस साल, दर्शकों ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ मेजर ब्लॉकबस्टर के साथ-साथ छोटे और बड़े स्क्रीन पर क्रिटिक्स द्वारा सराही गई कई फिल्में भी देखी हैं. इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी छाप छोड़ी तो वहीं डिजिटल स्पेस में भी इन्हें काफी सराहा गया. ये फिल्में अपने-अपने तरीके से अलग-अलग वजहों से सुर्खियां बटोरने में कामयाब रहीं. वहीं श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 2' से लेकर प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' और ऑस्कर-नॉमिनेटेड 'लापता लेडीज' सहित कई फिल्मों को ळववहसम पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया. अगर 2024 की टॉप 10 सबसे ज्यादा गूगल पर सर्च की गई फिल्मों को अभी तक नहीं देख पाए हैं तो चलिए यहां आपको बताते हैं कि आप ओटीटी पर इन फिल्मों को कहां देख सकते हैं. श्स्त्री 2श् ओटीटी पर कहां है अवेलेबल श्स्त्री 2श् साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है. इस हॉरर कॉमेडी फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी.श्स्त्री 2श् साल 2024 की सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्मों की लिस्ट में टॉप है. अगर आपने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है तो इसे आप ओटीटी के प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं. कल्कि 2898 एडी ओटीटी पर कहां देखें कल्कि 2898 एडी में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया था. ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही थी. कल्कि 2898 एडी भी साल की सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्मो की लिस्ट में दूसरे नंबर पर है. इस मूवी को ओटीटी पर प्राइम वीडियो या नेटफ्लिक्स पर एंजॉय किया जा सकता है. 12वीं फेल ओटीटी पर कहां हो रही स्ट्रीम विक्रांत मैसी की 12वीं फेल को क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी तारीफ मिली थी. कम बजट में बनी इस इंस्पिरेशनल फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया था. ये फिल्म भी साल 2024 की सबसे ज्यादा सर्च की गई मूवी है. इसे आप ओटीटी पर डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर देख सकते हैं. लापता लेडीज को ओटीटी पर कहां देखें दो दुल्हनों के ट्रेन में लापता होने की कहानी पर बनी लापता लेडीज की भी हर किसी ने सराहना की थी. आमिर खान द्वारा प्रोड्यूस और किरण राव निर्देशित इस फिल्म को ऑस्कर के लिए भी नॉमिनेशन मिला है. लापता लेडीज भी साल 2024 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्मों में चौथे नंबर पर है. इसे आप ओटीटी के प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं. हनु मैन ओटीटी पर कहां हो रही स्ट्रीम तेजा सज्जा स्टारर हनुमैन को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म किया. साल 2024 में हनुमैन भी गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई पांचवीं फिल्म है. इसे आप ओटीटी पर जियो सिनेमा, जी5, और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैंमहाराजा ओटीटी पर कहां देखेंविजय सेतुपति और अनुराग कश्यप स्टारर महाराज भी साल 2024 की मोस्ट सर्च की गई फिल्मों की लिस्ट में 6ठे नंबर पर है. इस फिल्म की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था. इसे आप ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं.मंजुम्मेल बॉयज ओटीटी पर कहां है अवेलेबल मंजुम्मेल बॉयज साल 2024 की गूगल पर सर्च की गई फिल्मों की लिस्ट में सातवें नंबर पर है. इस मूवी को आपने अगर अभी तक नहीं देखा है तो परेशान ना हों इसे आप ओटीटी पर एंजॉय कर सकते हैं. ये फिल्म ओटीटी पर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है. द ग्रेटेस्ट ऑल टाइम ओटीटी पर कहां देखें द ग्रेटेस्ट ऑल टाइम में थलापति विजय ने लीड रोल प्ले किया है. इस फिल्म को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. ये फिल्म साल 2024 की सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्मों में 8वें नंबर पर है. इसे आप ओटीटी पर नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं. सालार ओटीटी पर कहां हो रही स्ट्रीम साल 2024 की मोस्ट सर्च की गई फिल्मों में प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म सालार 9वें नंबर पर है. इसे आप ओटीटी पर नेटफ्लिक्स या डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर एंजॉय कर सकते हैं. आवेशम ओटीटी पर कहां देखे फहाद फासिल की आवेशम भी काफी चर्चा में रही. इस फिल्म को गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गई मूवीज की लिस्ट में10वीं पोजिशन मिली है. इसे आप ओटीटी पर प्राइम वीडियो या हॉट स्टार पर देख सकते हैं.

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ लखनऊ से प्रकाशित



## जो रूट ने एक हफ्ते में हैरी ब्रूक से छीनी टेस्ट की बादशाहत



**आईसीसी बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं।**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड वर्सेस न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में 54 और 32 रन की पारी खेली थी। वहीं ब्रूक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। उन्होंने मैच में महज एक रन बनाया। उनका पहली पारी में खाता नहीं खुला था। ब्रूक 876 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्हें 22 अंकों का नुकसान हुआ। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में शानदार शतक जमाया था और न्यूजीलैंड ने 434 रनों से विशाल जीत दर्ज की। विलियमनस 33वीं टेस्ट सेंचुरी ठोकने के बाद रूट से 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। उनके 867 अंक हैं। टॉप-10 में भारत के दो बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल चौथे और ऋषभ पंत नौवें नंबर पर हैं। भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में सेंचुरी मारने वाले ट्रैविस हेड पांचवें नंबर पर हैं। भात के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 20वें और कप्तान रोहित शर्मा 30वें स्थान पर मौजूद हैं। अकील हुसैन बने टी20 के नंबर 1 गेंदबाज वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नए नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 अंक हो गए हैं। वह इंग्लैंड के आदिल रशीद को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे हैं। रशीद के खाते में 701 अंक हैं और अब दूसरे नंबर पर हैं। अकील ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में 13 रन देकर 2 विकेट चटाकए थे। हालांकि, वेस्टइंडीज को बांग्लादेश के हाथों 7 रन से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा तीसरे और ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। टी20 गेंदबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में अर्शदीप सिंह एकमात्र भारतीय हैं। वह 657 अंकों के साथ आठवें पायदान पर हैं।

# इंडिया विमेंस ने 60 रन से तीसरा टी-20 जीता

**वेस्टइंडीज को 2-1 से सीरीज हराई, ऋचा की फास्टेस्ट फिफ्टी, भारत ने अपना हाईएस्ट स्कोर बनाया**

**नवी मुंबई।** इंडिया विमेंस ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में 60 रन से हरा दिया। नवी मुंबई में गुरुवार को भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 217 रन बनाए। ऋचा घोष ने सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड बनाया। जवाब में वेस्टइंडीज टीम 157 रन ही बना सकी। तीसरे टी-20 में जीत के साथ भारत ने 3 मैच की सीरीज भी 2-1 से जीत ली। भारत ने पहला और वेस्टइंडीज ने दूसरा टी-20 जीता था। स्मृति मंधाना ने सीरीज के तीनों टी-20 में फिफ्टी लगाई। वनडे सीरीज 22 दिसंबर से शुरू होगी। उमा छेत्री खाता भी नहीं खोल सकीं नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में गुरुवार को वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने पहले ही ओवर में उमा छेत्री का विकेट गंवा दिया। वह खाता भी नहीं खोल सकीं। यहां मंधाना ने जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ पारी संभाली। दोनों के बीच 98 रन की पार्टनरशिप हुई। मंधाना की लगातार तीसरी फिफ्टी जेमिमा 39 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद राघवी बिष्ट ने मंधाना के साथ 44 रन की साझेदारी की। मंधाना 47 बॉल पर 77 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने 13 चौके और 1 छक्का लगाया। यह उनकी सीरीज में लगातार तीसरी फिफ्टी रहीं, उन्होंने पहले और दूसरे टी-20 में भी फिफ्टी लगाई थीं। मंधाना ने अपना विकेट 15वें ओवर में ही गंवा दिया, अगर वह 20वें ओवर तक टिकतीं तो अपनी संेचुरी भी पूरी कर लेतीं। उन्हें




डॉटिन ने मिड-ऑफपर शिनेले हेनरी के हाथों कैच कराया। ऋचा ने सबसे तेज फिफ्टी लगाई मंधाना के बाद विकेटकीपर बैटर ऋचा घोष बैटिंग करने उतरीं। उन्होंने 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से महज 21 बॉल पर 54 रन की पारी खेल दी। ऋचा ने 18 गेंद पर फिफ्टी लगाई, जो टी-20 इतिहास में सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी का रिकॉर्ड है। ऋचा से पहले न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की फीब लीचफिल्ड भी 18-18 गेंद पर अर्धशतक लगा चुकी हैं। वेस्टइंडीज से एफी फ्लेचर, आलियाह एलिने, डिएंड्रा डॉटिन और शिनेले हेनरी ने 1-1 विकेट लिया। भारत ने अपना हाईएस्ट स्कोर बनाया राघवी बिष्ट 31 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। उनके सामने सजीवन साजना ने आखिरी बॉल पर चौका लगाया और भारत का स्कोर 217 रन तक पहुंचा दिया। यह टी-20 में टीम का सबसे बड़ा स्कोर है, इससे पहले टीम ने इसी साल एशिया कप में यूएई के खिलाफ 5 विकेट पर 201 रन बनाए थे। भारत ने सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 195 रन बनाए थे, जो टीम का चौथा हाईएस्ट स्कोर है। विमेंस टी-20 में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अर्जेंटीना के नाम है, टीम ने 2023 में चीली के खिलाफ 427 रन बनाए थे। टॉप-8 टीमों में इंग्लैंड विमेंस टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2018 में 250 रन का रिकॉर्ड बना चुकी है। वेस्टइंडीज की अच्छी शुरुआत 218 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कैरेबियन टीम ने संभलकर शुरुआत की। किआना जोसेफ 11 रन बनाकर आउट हुईं। फिर हैली मैथ्यूज ने 22 और डिएंड्रा डॉटिन ने 25 रन की पारी खेली। शेमाइन कैम्पबेल 17 ही रन बना सकीं। शिनेले हेनरी ने 43 रन की पारी खेली, वह एक एंड पर टिकी रहीं, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर कोई साथ नहीं मिला। नेरिसा क्राफ्टन 9, आलियाह एलिन 6, शाबिका गजनबी 3, जायदा जेम्स 7, एफी फ्लेचर 5 और करिश्मा रामहरक 3 रन बनाकर आउट हुईं। टीम 9 विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी। राधा को 4 विकेट भारत के लिए राधा यादव ने 4 विकेट लिए। रेणुका सिंह ठाकुर, सजीवन साजना, तितास साधु और दीप्ति शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। साइमा ठाकोर कोई विकेट नहीं ले सकीं। 22 दिसंबर से वनडे सीरीज इंडिया विमेंस ने पहला और तीसरा टी-20 जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज ने दूसरा मैच 9 विकेट से जीता था। दोनों के बीच 3 वनडे की सीरीज 22 दिसंबर से शुरू होगी। वडोदरा में तीनों मैच होंगे। 24 और 27 दिसंबर को बाकी मैच खेले जाएंगे।

# 2024 में भारतीय एथलेटिक्स: नीरज चोपड़ा ने बिखेरी चमक, डोपिंग का साया भी मंडराता रहा

**प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल में भी नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने चोटिल होने के बावजूद यह दोनों उपलब्धियां हासिल की। वह पेरिस ओलंपिक से पहले ही जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे जबकि डायमंड लीग फाइनल से पहले उनका बायां हाथ चोटिल हो गया था।**



नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने और 90 मीटर की दूरी पार करने में भी नाकाम रहे लेकिन इसके बावजूद वह वर्ष 2024 में भारतीय एथलेटिक्स के निर्विवाद नायक बने रहे। भाला फेंक का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर पाया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वह प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल में भी दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने चोटिल होने के बावजूद यह दोनों उपलब्धियां हासिल की। वह पेरिस ओलंपिक से पहले ही जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे जबकि डायमंड लीग फाइनल से पहले उनका बायां हाथ चोटिल हो गया था। पेरिस ओलंपिक में वह पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पाकिस्तान के एथलीट ने 92.97 मीटर भाला फेंककर खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया था। डायमंड लीग फाइनल में वह ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी हासिल करना था लेकिन इस वर्ष दो बार इसके करीब पहुंचने के बावजूद वह इस जादुई आंकड़े को छूने में नाकाम रहे। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। वह अगले साल भी अपने इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करेंगे। एथलेटिक्स में भारत के अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से आगे बढ़ने में असफल रहे। पेरिस ओलंपिक फाइनल में वह 11वें स्थान पर रहे। एक अन्य विश्व स्तरीय एथलीट लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट और उसके बाद की सर्जरी के कारण ओलंपिक में भाग लेने से चूक गए। पुरुषों की चार गुना 400 मीटर रिले टीम ने भी निराश किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को पेरिस ओलंपिक में उससे काफी उम्मीद थी लेकिन वह फाइनल के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। इस दौरान डोपिंग ने भी भारतीय एथलेटिक्स का पीछा नहीं छोड़ा। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने पॉजिटिव पाए गए डोपिंग मामलों के 10 साल के वैश्विक अध्ययन में भारत को रूस के बाद दूसरा सबसे खराब देश बताया। देश को निराश करने वाले सितारों में 2016 में ओलंपिक में भाग लेने वाली निर्मला श्योराण भी थीं, जिन पर दूसरे डोप उल्लंघन के लिए आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया था। अंतरराष्ट्रीय महासंघ की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के कई डोप परीक्षणों में विफल रहने के कारण तार ला फेंक एथलीट रचना कुमारी पर 12 साल का प्रतिबंध लगाया। लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया। उभरते हुए भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पेरिस ओलंपिक से पहली डोप जांच में पॉजीटिव पाए गए जबकि पैदल चाल में पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भावना जाट पर अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण 16 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था। अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले मध्यम दूरी के धावक परवेज खान और एशियाई खेलों में चार गुना 400 मीटर रिले स्वर्ण विजेता वीके विस्मया भी डोप परीक्षण में विफल रहे। इस साल कुछ नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बने। साबले ने पेरिस डायमंड लीग के दौरान पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8रू09.91 सेकंड का समय लेकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। अक्षदीप सिंह (पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल) गुलवीर सिंह (पुरुषों की 5,000 मीटर और 10000 मीटर), केएम दीक्षा (महिलाओं की 1500 मीटर), और आभा खटुआ (महिला शॉट पुट) भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अपनी संबंधित स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

## रिटायरमेंट के बाद चेन्नई पहुंचे आर अश्विन, ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत



**आर अश्विन ने बुधवार को गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 38 वर्षीय खिलाड़ी रिटायरमेंट के अगले दिन ही स्वदेश पहुंचे और फिर गुरुवार को चेन्नई में घर पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में अश्विन के संन्यास के फैसले ने सभी को हैरान कर दिया।**

भारत के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने बुधवार को गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 38 वर्षीय खिलाड़ी रिटायरमेंट के अगले दिन ही स्वदेश पहुंचे और फिर गुरुवार को चेन्नई में घर पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में अश्विन के संन्यास के फैसले ने सभी को हैरान कर दिया। भारत को ऑस्ट्रेलिया में अभी दो टेस्ट और खेलने हैं। पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। अश्विन के घर पहुंचने ही उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उनके घर पर लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। स्पिनर के चेहरे पर हल्की मुस्कुराहट थी। उनपर फूलों की बारिश हो रही थी। उन्हें फूलों का हार भी पहनाया गया। अश्विन सबसे पहले अपने पिता से मिले, पिता ने उन्हें गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। वह उसके बाद मां से मिले, इस दौरान उनकी मां ने उन्हें गले से लगाया और भावुक हो गईं। अश्विन ने कुछ लोगों को ऑटोग्राफ भी दिया। वहीं अश्विन के घर पहुंचने का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। हर कोई अश्विन की सादगी का कायल हो गया है। लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। फिलहाल, अश्विन भे ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया लेकिन वह आईपीएल सहित क्लब क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।

## एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पर भड़के विराट कोहली, परिवार की प्राइवेसी को लेकर फूट पड़ा गुस्सा

विराट कोहली टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वहीं गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। वहीं जब विराट कोहली टीम इंडिया के साथ चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्होंने अपना आपा खो दिया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया मीडिया के अनुसार जब टीम इंडिया मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंची तो कुछ रिपोर्टर्स और कैमरामैन कोहली के परिवार की तस्वीरें खींच रहे थे। कई बार मना करने के बावजूद वह नहीं माने। विराट कोहली शुरुआत से ही साफकर चुके हैं कि वह अपने बच्चों को लाइमलाइट में नहीं रखना चाहते। वह जब भारत में होते हैं तो मीडिया से पहले ही इसकी रिक्वेस्ट करते हैं और इंडिया की मीडिया खिलाड़ी की इस रिक्वेस्ट का सम्मान भी करती है। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के साथ ऐसा नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार, रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड से बात कर रहे थे, जो मेलबर्न में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह खेल सकते हैं। जब कोहली और उनके परिवार के सदस्य पास में ही देखे गए। भारतीय बल्लेबाज के भड़कने से पहले कैमरे कोहली की तस्वीर लेने के लिए मुड़े। कोहली पबलिक प्लेस पर अपने परिवार के वीडियो को फिल्माए जाने पर आपत्ति जताते दिखे। कोहली ने चौनल नाइन के रिपोर्टर को मीडिया के अन्य सदस्यों के सामने तीखी बहस में डांटा। तनावपूर्ण बातचीत के बाद कोहली वहां से चले गए और फिर वापस मुड़कर कुछ और बातें कीं।

### इस पूर्व खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी चेतावनी, टॉप ऑर्डर फिर से बढ़ा सकता है चिंता

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी इयान हीली ने भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की मदद से 445 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर घोषिथ किया था। हीली ने एसईएन एन रेडियो से कहा कि, मुझे नहीं लगता है कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले उन पर किसी तरह का दबाव बनाएगा लेकिन वे फॉर्म में नहीं है। वे गंभीर रूप से फॉर्म से बाहर हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी के साथ तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हीली ने कहा कि, चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या ये तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे टॉप क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि मेलबर्न टेस्ट मैच फॉर्म में वापसी करने के लिए इन तीनों बल्लेबाजों के लिए सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। हीली ने कहा कि, मेलबर्न के विकेट से बल्लेबाजों को भी मदद मिलती है और यहां उनके पास फॉर्म में वापसी करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। इसके लिए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देना होगा।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद चेन्नई लौटे अश्विन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद भारतीय ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को यहां बिना किसी शोरशराबे के स्वदेश लौट आए। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानीय अधिकारी अश्विन को बाहर लेकर आए। इस बीच प्रशंसकों ने उनकी तस्वीरें ली लेकिन वह मीडियाकर्मियों से बात किए बिना अपने घर चले गए। अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। अश्विन हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित क्लब क्रिकेट में खेलते रहेंगे। आईपीएल के अगले सत्र में वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अनिल कुंबले के बाद भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 106 मैच में 537 विकेट लिए। कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन ने भारत के लिए 116 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए, जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 72 विकेट हासिल किए। अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर की शुरुआत 2010 में एक दिवसीय प्रारूप से की थी। इसके एक साल बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

### मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे आखिरी दो मैच? रोहित शर्मा ने दिया ये जवाब

टीम इंडिया मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। वहीं भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट ड्रॉ करा लिया। इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की वहीं अन्य गेंदबाजों को मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में मोहम्मद शमी की वापसी की मांग की जाने लगी। हालांकि, टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने शमी की वापसी को लेकर कहा कि वह कोई जल्दबाजी नहीं चाहते। रोहित शर्मा ने कहा कि वह शमी का टीम में स्वागत करने को तैयार है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एनसीए उन्हें इस बारे में साफतौर पर बताए।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत का रिकॉर्ड, 33 साल से है खुशी का इंतजार

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। ये बॉक्सिंग डे टेस्ट है। अरसे से एमसीजी में हर साल बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जा रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट वो मैच है, जो 26 दिसंबर यानी क्रिसमस के अगले दिन शुरू होता है।

# अश्विन से लेकर विराट-रोहित तक, इन खिलाड़ियों ने लिया इस साल संन्यास

साल 2024 खत्म होने वाला है और नया साल 2025 आने को है। हर कोई नए साल की तैयारी में जुटा है कई लोगों के लिए ये साल खुशी लेकर आया तो किसी के लिए गम। क्रिकेट जगत भी इससे अछूता नहीं रहा। भारत के हिस्सा टी20 वर्ल्ड कप आया तो विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे धाकड़ खिलाड़ियों ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा भी कहा। वहीं इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कई खिलाड़ियों ने क्रिकेट को अलविदा कहा। हालांकि, इसमें से कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिन्होंने इस साल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया तो कुछ ने कुछ फॉर्मेट छोड़ा। 2024 में संन्यास लेने वाले दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट शिखर धवन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने इस साल क्रिकेट को अलविदा कहा। उन्होंने इसी साल अगस्त में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया। धवन लंबे समय तक टीम से बाहर थे और वापसी की कोशिश में लगे थे। लेकिन सफलता नहीं मिली तो रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। ऋद्धिमान साहा भारतीय टेस्ट टीम का अहम हिस्सा रहे विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने भी लंबे इंतजार के बाद इस साल क्रिकेट को अलविदा कहा। साल 2022 में न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद काफी विवाद भी हुआ। साहा घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे लेकिन उन्होंने बताया कि ये उनका आखिरी साल है। दिनेश कार्तिक भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी इस साल क्रिकेट को अलविदा कहा। कार्तिक ने आईपीएल 2024 से पहले ऐलान कर दिया था। ये आईपीएल उनका आखिरी आईपीएल होगा और वह फिर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को अलविदा कह देंगे। कार्तिक अब आरसीबी के कोचिंग स्टाफ में शामिल हैं। विराट कोहली टीम इंडिया ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। इस वर्ल्ड कप के फाइनल में कोहली ने शानदार फिफ्टी पारी खेली।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।